रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 18 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-117 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### भारतीय संविधान गंभीर चिंतन का परिणाम : नड्डा



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारतीय संविधान गहन चिंतन- मनन , मंथन और गंभीर विचार विमर्श का परिणाम है। नड्डा ने सदन में 'भारतीय संविधान के 75 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा' की चर्चा फिर शुरू करते हुए कहा कि भारतीय संविधान नये देश का नहीं था, बल्कि यह पुरातन संस्कृति वाले देश का संविधान है। संविधान सभा के सदस्य इस तथ्य को भली-भांति जानते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान तमाम कठिनाइयों और मुसीबतों से निकलने की प्रेरणा देता है।

### शुरूआती तेजी के बाद शेयर बाजार में कोहराम

**मुंबई।** दुनिया के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले विश्व बाजार में आई भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में शुरूआती तेजी के बाद कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1064.12 अंक अर्थात 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर दो सप्ताह के निचले स्तर 80,684.45 अंक पर आ गया। इससे पहले 03 दिसंबर को यह 80,845.75 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 332.25 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,336.00 अंक रह गया।

# अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, रेरा पंजीयन बगैर नहीं होगी प्लाटों की रजिस्ट्री

## विधानसभा में गूंजा अवैध प्लाटिंग का मामला, मूणत और चंद्राकर की मांग पर वित्त मंत्री ने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने राजधानी और प्रदेश में हो रहे अवैध प्लाटिंग का मामला विधानसभा में उठाया, जिस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा घिरते नजर आये। अनुज शर्मा ने पूछा कि बीते सत्र में मैने इसी संदर्भ में सवाल किया था जिस पर विभागीय मंत्री ने कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन अब तक अवैध प्लाटिंग को लेकर क्या कार्रवाई की गई? यह मुझे ही पता नहीं चल पा रहा है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि अवैध प्लाटिंक को सिर्फ राजस्व विभाग अकेले नही रोक सकता। इसके लिए हमने पंजीयन विभाग, राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों की एवं ज्वाइंट समिति बनाने का सोचा है। इसी बीच भाजपा सदस्य राजेश मूणत ने कहा कि छोटे भू-खण्डों की रजिस्ट्री में रोक लगाने की घोषणा कर दीजिए, अवैध प्लाटिंग स्वमेव समाप्त हो जाएगी। अवैध प्लाटिंग को लेकर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि राजस्व में बड़ी गड़बड़ियां हो रही हैं, मंत्री जी दिखवाइए। भाजपा विधायकों की मांग पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हम इसके लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठायेंगे। शहरी इलाकों में रेरा पंजीयन, टीएनसी अप्रूवल बगैर अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर रोक लगाया जाएगा।

## बिना टेंडर के निर्माण, विधानसभा में हंगामा

सुकमा जिले में बिना टेंडर के निर्माण के मुद्दे को लेकर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वीकार किया कि सुरक्षाबलों की सुविधा को देखते हुए वहां दो पुलियों का निर्माण शुरु कराया गया है। पुलियों का निर्माण मई माह में शुरु किया गया हालांकि उस दरम्यान राज्य में आचार संहिता प्रभावशील थी। उपमुख्यमंत्री का तर्क है कि चूंकि बरसात के पहले काम को समाप्त करना था इसलिए बिना टेंडर के ही काम शुरु कर दिया गया। अरुण साव ने बताया कि इस मामले में अभी तक एक रुपया का भी भुगतान नहीं किया गया। वहीं कांग्रेस सदस्य कवासी लखमा ने नियम-प्रक्रिया के विरुद्ध निर्माण कराने पर दोषी अधिकारियों के निलंबन की मांग की। साव ने कहा कि दोनों पुलियों के लिए नया टेंडर जारी किया गया है जिसे आज खोला गया है। अभी तक कोई भुगतान ठेकेदार को नहीं किया गया है। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पूरा मामला सामने है यहां पर नियमों को अनदेखा कर निर्माण कार्य कराया गया है। बघेल ने कहा कि उस समय आचार संहिता प्रभावी थी तब भी निर्माण कार्य कराया गया, वो भी बिना किसी टेन्डर के यह सरासर गलत है। मामले को लेकर विपक्षी सदस्यों ने सदन में जमकर हंगामा कर बर्हिगमन किया। दरअसल कांग्रेस सदस्य कवासी लखमा ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सवाल करते हुए पूछा कि सुकमा और दंतेवाडा के सरहदी गांव परिया, नागलगुण्डा और मुलेर में पुलिया निर्माणाधीन है या निर्माण पूरा कर लिया गया है? लखमा ने पूछा कि इन कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृती कब दी गई? जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि परिया, नागलगुण्डा और मुलेर में पुलिया निर्माणाधीन था लेकिन वर्तमान में काम बंद है। इसके साथ ही साव ने कहा कि निविदा प्रक्रिया की जा रही है। साव ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जिला कलेक्टर और पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्देशित किया गया था कि, यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसका निर्माण कार्य तुरंत प्रारम्भ किया जाए। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार विनोद सिंह राठौर और नरेश भदौरिया को काम सौंपा गया। वहीं कांग्रेस सदस्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिन दोनों ठेकेदारों ने काम किया है, वहीं दोनो ने ही इसमें टेन्डर भरा है, जिसके बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ।





## केन्द्र सरकार राजस्थान के विकास में नहीं छोडेगी कोई कोर कसर : पीएम मोदी

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार को सुशासन का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिया है कि जब राजस्थान विकसित होगा तब भारत भी विकसित होगा और आने वाले वर्षों में और तेज गति से विकास होगा तथा केन्द्र सरका राजस्थान के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मोदी दादिया गांव में भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान की जनता को भाजपा सरकार को एक साल पूरे करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग आर्शीवाद देने आये हैं यह मेरा सौभाग्य हैं। उन्होंने कहा कि बिते एक वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति एवं नई दिशा देने में भजनलाल सरकार एवं उनकी टीम ने बहुत परिश्रम किया हैं। यह पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षो की मजबूत नींव बना हैं इसलिए आज यह उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं हैं, यह राजस्थान विकास का भी उत्सव है।

## एक देश एक चुनाव विधेयक संघवाद के खिलाफ : विपक्ष



**नयी दिल्ली/वार्ता।** पूरे देश में एक साथ चुनाव के प्रावधान वाले विधेयकों को विपक्षी सदस्यों के जबर्दस्त विरोध के बीच सरकार द्वारा लोकसभा में पुर्रस्थापित कराने के लिये प्रस्तुत किया गया। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (129वां) संशोधन विधेयक 2024 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2024 प्रस्तुत किये। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने विधेयकों का विरोध करते हुये कहा है कि यह हमारे लोकतंत्र और संघीय ढांचे के खिलाफहै। उन्होंने कहा कि भारत में संघवाद की व्यवस्था है और ये विधेयक पूरी तरह से संविधान की इस व्यवस्था के खिलाफ है। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने विधेयकों का विरोध किया और इसे संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने इन विधेयकों को तानाशाही का परिणाम बताया और इन्हें वापस लेने की सरकार से मांग की।

## बाबा गुरू घासीदास ने दिखाया मानवीय गुणों के विकास का रास्ता : सीएम साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की 18 दिसम्बर को जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साय ने कहा है कि बाबा गुरू घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। बाबा जी ने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। उन्होंने लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। सीएम साय ने कहा कि गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं।




# मनेंद्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप को 'महुआ बचाओ अभियान' के लिए नई दिल्ली में अवॉर्ड से किया गया सम्मानित





पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नेक्सस ऑफ गुड फाउंडेशन अवॉर्ड्स 2024-मनेंद्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप को 'महुआ बचाओ अभियान' के लिए नई दिल्ली में अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इस एनजीओ के संस्थापक अनिल स्वरूप (रिटायर्ड आईएएस) और प्रकाश सिंह (रिटायर्ड आईपीएस, पद्मश्री विजेता) के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। जानकारी अनुसार देश के 120 विभिन्न एनजीओ और अधिकारियों ने अपने अभिनव पहल और प्रभावपूर्ण कार्यों को लेकर इसके लिए आवेदन किया था, जिसमे से 22 को चयनित किया गया। छत्तीसगढ़ से आईएफएस मनीष कश्यप को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कश्यप वर्तमान में मनेन्द्रगढ़ के डीएफओ है। ज्ञात हो कि मनीष कश्यप राज्य के एक ऐसे आईएफएस अफसर है, जिन्होंने महुआ बचाओ अभियान के माध्यम से अपने वनमण्डल में लाखों की संख्या में पौधारोपण अभियान चलाकर महुआ बचाने की पहल की। दरअसल महुआ के पौधे का राज्य में विशेष महत्व है। आदिवासी और वनवासी इलाकों में महुआ जीविका और रोजगार का प्रमुख साधन है। इसी को ध्यान में रखते हुए आईएफएस मनीष कश्यप ने महुआ बचाओ अभियान चलाया था। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अक्सर यह देखने को मिलता है कि ज्यादातर महुआ के पेड़ बूढ़े हो चुके है। जिसकी चिंता करते हुए इस आईएफएस अफसर ने महुआ के नए पौधे तैयार करने की विशेष पहल की, ताकि भविष्य में भी छत्तीसगढ़ के आदिवासी और वनवासियों को महुआ के माध्यम से रोजगार व आय प्राप्त होते रहे।

# अनुपूरक मांगों को मंजूरी, सीतारमण ने कहा आर्थिक अपराधियों पर सख्त है सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा ने वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के-प्रथम बैच पर विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गये संशोधन प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए तत्संबंधी विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। गौरतलब है कि सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में सकल 87762.56 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय की अनुमति के लिये चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अनुदानों की पूरक मांगों की पहली सूची प्रस्तुत की थी, जिसमें अतिरिक्त नगद व्यय 44143 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुदानों की अनुपूरक मांगे : वर्ष 2024-25 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आज लोकसभा में कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त है और आर्थिक अपराधियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी सहित सभी भगोड़े आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों को कुर्क कर बैंकों का पैसा लौटाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में मनरेगा जैसी योजनाओं में गड़बड़ी सामने आई है और राज्य सरकार के अधिकारियों के सामने केंद्रीय जांच दल ने गड़बडी का खुलासा किया है इसलिए वहां तब तक शेष राशि केंद्र से नहीं दी जाएगी जब तक राज्य सरकार इन गड़बड़ियों को दूर नहीं करती है। सीतारमण ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में खुदरा मुद्रास्फीति दस प्रतिशत से ऊपर चली गई थी। वर्ष 2009 से 2014 के दौरान 11 प्रतिशत चली गयी थी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के समय मुद्रास्फीति संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। कांग्रेस के समय रसोई गैस का सिलेंडर सिर्फ पहुंच वाले लोगों को मिलता था, लेकिन राजग के समय में यह करीब करीब सबको मिल रहा है। गैस कनेक्शन संख्या 14.5 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2323-24 में 34.65 करोड़ हो गयी है। अब देश के लगभग हर घर में गैस कनेक्शन पहुंच गया है। सरकार ने उज्ज्वला योजना शुरु की जिसके जरिए 10.33 करोड़ कनेक्शन गरीबों को दिए गये हैं और उन्हें 503 रुपए की दर से सिलेंडर दिया जा रहा है। आज बेरोजगारी की दर भी घटी है और यह छह प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) पर कहा कि इसमें 91 लाख से अधिक अंशधारक जुड़े हैं जो पिछले साल की इस अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा हम पूरक अनुदान मांगों को दो बार ही पेश करने तक सीमित करना चाहते हैं, लेकिन कभी कभार तीन बार इसे पेश किया जा रहा है। इस बार पेश पहली अनुपूरक मांगों की राशि बहुत कम है जो हमारे बजट अनुमानों के करीब-करीब सटीक रहने की धारणा को मजबूत करता है। उन्होंने निवेश में कमी को लेकर सदस्यों की चिंता का जवाब देते हुए कहा कि हमारा ध्यान बजट में पूंजीगत खर्च बढ़ाने पर है और बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अगर इसमें राज्यों को दिये गये पूंजीगत अनुदान को जोड़ दिया जाए तो यह 15.02 लाख करोड़ हो जाता है। इसका उद्देश्य आर्थिक बढ़ोतरी को गति प्रदान करना है क्योंकि पूंजीगत मद पर एक रुपये का खर्च आर्थिक गतिविधियों को व्यक्तिगत खर्च की तुलना में 3 से 4 गुना बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि सरकार पूंजीगत खर्च के माध्यम से दूर दराज के क्षेत्रों को जोड़ने, बुनियादी सुविधाओं को बढाने, सार्वजनिक ढांचे को मजबूत करने तथा कौशल विकास जैसे कार्यों में गति ला रही है।

# 30 बिस्तरों तक के नर्सिंग होम को राज्य सरकार ने दी छूट क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2013 में किया संशोधन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2013 में संशोधन करते हुए सभी विधाओं के चिकित्सा संस्थानों को बड़ी राहत देते हुए नई अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना के तहत सभी प्रकार के क्लीनिक तथा 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए नियमों को लचीला और सरल बना दिया गया है। आईएमए के डॉ. राकेश गुप्ता ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर की पूरी टीम बधाई दी है। एक्ट में किए गए संशोधन के अनुसार अब छत्तीसगढ़ में सभी क्लिनिक को आवेदन के साथ निर्धारित मापदंडों का पालन करने हेतु शपथ पत्र देने पर स्वत: लाइसेंस दे दिया जाएगा, जिसे वे ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें से केवल 10 प्रतिशत संस्थाओं का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा किया जाएगा और यदि कोई कमी पाई गई तो एक माह के भीतर उक्त कर्मियों को दूर करवाना सुनिश्चित करना होगा। 1 से 10 बिस्तर तक के अस्पतालों को आवेदन के साथ मापदंडों का पालन करने हेतु शपथपत्र देने पर लाइसेंस प्रदान कर दिया जाएगा तथा 3 महीने के अंदर उन्हें निर्धारित मापदंडों को पूरा करना होगा। 11 से 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नियमों के तहत आवेदन करना होगा तथा चिकित्सा अधिकारी के द्वारा उनका 3 महीने के अंदर उनका निरीक्षण कर लाइसेंस जारी किया जाएगा। यदि 3 महीने के अंदर यह प्रक्रिया जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा पूरी नहीं की जाती है तो ऐसी संस्थाएं स्वत पंजीकृत मानी जाएगी तथा ऑनलाइन लाइसेंस की प्रति डाउनलोड कर सकेंगी। पुन: रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हर 5 साल बाद की जाएगी। ज्ञात हो अक्टूबर 2023 से बहु–प्रतीक्षित सरलीकरण प्रक्रिया को अभी प्रकाशित किया गया है।

## जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ किया, संविधान ने उसे दंडित किया: देवेगौड़ा

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (एस) के नेता एच. डी. देवेगौड़ा ने देश के संविधान को बेहद सशक्त बताते हुए राज्यसभा में कहा कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ किया है, संविधान ने उसे दंडित किया है। देवेगौड़ा ने सदन में संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संविधान देश के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान इतना सशक्त है कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, संविधान ने उसे दंडित किया है। उन्होंने कहा कि इसी संविधान ने उन्हें किसान पुत्र के रूप में देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया।

## राहुल की यात्रा से सामने आया हाथरस का सच हैरान करता है : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हाथरस में पीड़ित परिवारों के सदस्यों से मिलने से उनका सच देश के सामने आया है और सब हैरान हैं कि मोदी सरकार ने



पीड़ितों की मदद के लिए जो वादे किये थे वे पूरे नहीं हुए हैं। कांग्रेस ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने हाथरस के मामले में कभी सच नहीं बोला है। इस मुद्दे पर शुरु से असत्य बोला गया है और मामले पर पर्दा डालने का प्रयास होता रहा है, लेकिन अब पीड़त परिजनों की जो सच्चाई लोकसभा में विपक्ष के नेता की यात्रा से सामने आई है वह हैरान करने वाली है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा था कि दलित बेटी का अंतिम संस्कार परिवार की सहमति और उपस्थिति में हुआ, लेकिन सच्चाई यह है कि पुलिस और प्रशासन ने रात के अंधेरे में शव पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया।

## आलोक गौड़ का कविता संग्रह जीवन की विसंगतियों को लड़ने की प्रेरणा देता है: चक्रधर

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

पद्मश्री डॉ. अशोक चक्रधर ने आलोक गौड़ के कविता संग्रह 'खुशी की खोज' का विमोचन करते हुये मंगलवार को कहा कि उनकी 113 कविताओं का यह कविता संग्रह जीवन की परेशानियों को हरने वाला काव्य है। डॉ. चक्रधर ने गौड़ की कविताओं की सराहना करते हुये कहा, यह काव्य संग्रह आशा और संघर्ष का प्रतीक है। यह जीवन की विसंगतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है, जो हम सभी के जीवन का हिस्सा है। आने वाले सालों में नये सवाल होंगे और जब हम इन सवालों को देखेंगे, तो पायेंगे कि यह काव्य संग्रह हमें उन सवालों का समाधान देता है। यह कोई बोझिल साहित्य नहीं है, यह आपके जीवन की परेशानियों को हरने वाला काव्य है। यह पुस्तक हमें बताती है कि खुशी कैसे पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा संग्रह है जो जीवन के गूढ़ प्रश्नों और मानवीय भावनाओं को छूता है। उद्योग जगत में व्यस्त रहते हुये भी साहित्य सेवा में अग्रणी आलोक गौड़ की यह तीसरी पुस्तक है। संग्रह का प्रकाशन करने वाले मिलाप पब्लिकेशन के निदेशक योगी सूरी ने कहा, जब मैंने प्रकाशन की शुरुआत की थी, तो कहा गया था कि कवि और प्रकाशक कभी दोस्त नहीं बन सकते, लेकिन 'खुशी की खोज' इस बात का प्रमाण है कि साहित्य के सृजनात्मक सफर में कवि और प्रकाशक एक-दूसरे के सहयोगी होते हैं। मैं आलोक गौड़ जी का आभारी हूं और डॉ. अशोक चक्रधर जी की उपस्थिति हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर, गौड़ के मित्र जेपी समूह के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गौड़ ने कहा, आलोक जी का लेखन केवल एक कला नहीं, बल्कि उनके भीतर की गहरी सोच और संवेदनाओं का प्रतिबिंब है।

## राज्यसभा में जाकिर हुसैन को दी गई श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में प्रसिद्ध तबलावादक उस्ताद जाकिर हुसैन को मौन खड़े होकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सुदन की कार्यवाही शुरु करते हुए सदस्यों को तबलावादक जाकिर हुसैन के निधन की जानकारी दी। हुसैन का निधन कल रात अमेरिका में हो गया। सभापति ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन एक महान तबला वादक के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वसह एक महान हस्ती थे जिन्होंने कला और संस्कृति की सीमाओं को पार किया। धनखड ने कहा, '' भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक प्रतिष्ठित राजदूत के रूप में, उन्होंने सांस्कृतिक दूरी को पाट दिया और भारतीय तालवाद्य की समृद्ध परंपराओं को वैश्विक मंच पर ले गये। उनके निधन से भारत ने एक सच्ची संगीत प्रतिभा खो दी है, लेकिन उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इसके बाद सदन ने उस्ताद जाकिर हुसैन को मौन खडे होकर श्रद्धांजलि दी।



## एलन ने की धनखड़ से मुलाकात



**नयी दिल्ली।** आर्मेनिया गणराज्य की संसद राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष महामहिम एलन सिमोनियन ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधो पर विचार विमर्श किया। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने यहां बताया कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात संसद भवप परिसर में हुई। दोनों नेताओं की चर्चा दोनों देशों के लोकतंत्रों के बीच ऐतिहासिक दीर्घकालिक संबंधों पर केंद्रित रही और द्विपक्षीय व्यापार और संपर्क को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया गया। नेताओं ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने में भारत और आर्मेनिया के बीच संसदीय आदान-प्रदान की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

## भारत, चीन सीमा मसले पर होगी एसआर लेवल की वार्ता

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सीमा मसले पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में होगी। विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा प्रश्न पर भारत के विशेष प्रतिनिधि (एसआर) अजीत डोभाल 18 दिसंबर को अपने चीनी समकक्ष चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बीजिंग में एसआर लेवल की 23वीं बैठक करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार विगत 23 अक्टूबर को रूस के कज़ान में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक के दौरान बनी सहमति के अनुसार दोनों विशेष प्रतिनिधि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति के प्रबंधन पर चर्चा करेंगे और सीमा प्रश्न का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशेंगे।

## पारदर्शिता के साथ युवाओं को मिल रही है सरकारी नौकरी: योगी


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने पारदर्शिता और आरक्षण के नियमो का पालन करते हुये केवल



शिक्षा विभाग में ही एक लाख 60 हजार से अधिक की भर्तियां की है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अनुपूरक अनुदान प्रस्ताव पेश होने के बाद चर्चा में भाग लेते हुये योगी ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए।

# श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



कश्मीर घाटी में बर्फीली ठंड का कहर जारी है और राजधानी श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि सोमवार देर रात श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 10 दिसंबर को दर्ज किए गए इस मौसम के सबसे ठंडे तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस से केवल एक डिग्री कम था, जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम यानी शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। कश्मीर घाटी के अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर जारी रहने के आसार हैं। यहां 21 दिसंबर तक मौसम आम तौर पर शुष्क रहने के आसार हैं और एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) आने का अनुमान है। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में 21-22 दिसम्बर की रात को हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। पर्यटन स्थल पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा और रात के तापमान में और गिरावट देखी गई, शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। कश्मीर के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में भी न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और सोमवार को शून्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर में कोकेरनाग का तापमान और नीचे खिसक गया तथा पिछली रात के शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले शून्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग का तापमान लगातार दूसरे दिन 4.0 डिग्री सेल्सियस पर रहा, जो सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में धमाका, दहशत व्याप्त

एजेंसी ◄ अमृतसर
www.dailypioneer.com




पंजाब में अमृतसर के इस्लामाबाद थाना में लगभग तीन बजे हुए जोरदार धमाके से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि स्थानीय लोगों ने थाने में विस्फोट की आवाज सुनी, लेकिन वहां कोई नुकसान नहीं हुआ। इस बीच, जर्मनी स्थित गैंगस्टर जीवन फौजी ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जांच चल रही है। इससे पहले चार दिसंबर को रात करीब 10 बजे अमृतसर के मजीठा थाने में 'धमाका' हुआ था। हाल ही में अजनाला थाने के बाहर भी एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद हुआ था और अमृतसर पुलिस आयुक्तालय के गुरबक्श नगर पुलिस चौकी के अंदर भी धमाका हुआ था। भुल्लर भी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं। उन्होंने बताया कि हम लोग थाने के अंदर हैं। थाने के अंदर कोई विस्फोट नहीं हुआ, लेकिन हम जांच कर रहे हैं। एक धमाका ज़रूर सुना गया। वहीं, अब इस विस्फोट को लेकर एक गैंगस्टर जीवन फौजी की पोस्ट भी सामने आई है, जिसमें उसने थाने में ग्रेनेड फेंकने की बात कही है और विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। उसने पोस्ट के जरिए सीधे तौर पर पंजाब पुलिस को भी धमकी दी है और कहा है कि अगर किसी पुलिसकर्मी ने किसी सिख की पगड़ी को छुआ, तो यह उसके परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। गैंगस्टर द्वारा जिम्मेदारी लेने को लेकर भुल्लर ने कहा, 'हमने हाल ही में यूएपीए के तहत 10 लोगों को गिरफ्तार करके एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जो ऐसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे।

## सेना की मदद से कुपवाड़ा के छात्रों ने दक्षिण भारत के प्रमुख संस्थानों के बारे में ली जानकारी

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा के 15 छात्रों को भारतीय सेना की एक पहल के तहत दक्षिण भारत के शैक्षणिक दौरे पर ले जाया गया, जहां उन्हें देश के शीर्ष शैक्षणिक, तकनीकी और सांस्कृतिक स्थलों से परिचित कराया गया। सेना ने बताया कि नौ से 15 दिसंबर तक चलने वाले दौरे का उद्देश्य इन युवा मस्तिष्कों के क्षितिज को व्यापक बनाना, अत्याधुनिक अनुसंधान में अंतर्दृष्टि प्रदान करना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस दौरे का आयोजन ऑपरेशन सद्भावना के हिस्से के रूप में 68 माउंटेन ब्रिगेड के तत्वावधान में सेना की 41 आरआर (मराठा ली) 'हमदर्द-ए-कुपवाड़ा' द्वारा किया गया। बेंगलुरु की अपनी यात्रा के दौरान, छात्रों ने भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक और कॉर्पोरेट संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस) में विद्वानों के साथ सार्थक बातचीत की और मूल्यवान शैक्षणिक अंतर्दृष्टि प्राप्त की। करीब 115 साल पुराने प्रमुख संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में उन्हें पारिस्थितिक विज्ञान, सामग्री अनुसंधान और सुपरकंप्यूटिंग में प्रगति से परिचित कराया गया।

# सार्वजनिक उपक्रम देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनायेंगे: राजनाथ

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को बढावा देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। सिंह ने रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बैठक में पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद बनाए गए सार्वजनिक क्षेत्र के नये उपक्रमों की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों को वित्तीय आंकड़ों, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात, नए उत्पादों और अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण, उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और एमएसएमई को बढ़ावा देने में नए उपक्रमों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निगमीकरण के बाद, नए उपक्रमों ने उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में इन उपक्रमों की बिक्री और लाभ में अच्छी प्रगति हुई है। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नए उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाएंगे तथा विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों को शामिल करके गुणवत्ता, कारोबार, लाभ और अन्य वित्तीय मापदंडों में नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे नए डीपीएसयू रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाएंगे। नए उपक्रमों में मानव संसाधन से संबंधित कुछ मुद्दों पर समिति के कुछ सदस्यों की चिंताओं और सुझावों पर रक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि निगमीकरण से उत्पन्न सभी मुद्दों का सभी हितधारकों के परामर्श से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने सुझावों की सराहना की और कहा कि कार्यान्वयन के लिए इनकी जांच की जाएगी।

बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निकट : विष्णुदत्त

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश में नयी शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्राथमिक और उच्च शिक्षा में बहुत तेजी से सुधार होने लगा और भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निकट आने लगा है। शर्मा ने यहां मध्य प्रदेश भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। वर्ष 2013-14 में शिक्षा व्यवस्था से आज हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा देश की आजादी के बाद मैकाले की शिक्षा पद्धति चल रही थी। हम लोग वर्षों से मांग कर रहे थे, शिक्षा पद्धति में बदलाव किया जाए। प्रधानमंत्री ने नयी शिक्षा नीति को लागू करते शिक्षा को समावेशी, सुलभ और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। नयी शिक्षा नीति से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा स्तर में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार के साथ जोड़ना है, ताकि विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल एवं ज्ञान के साथ कई विकल्प एवं अवसर मिल सके। विश्वविद्यालय के छात्रों को अब कई विकल्प मिल रहे हैं। अब 1 साल में सर्टिफिकेट, 2 साल में डिप्लोमा और 3 साल में डिग्री प्राप्त होगी। शर्मा ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में वह सब कुछ है।

# जिला न्यायालय परिसर में 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरण

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर कोंडागांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप के द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात नेशनल लोक अदालत में रखे गये लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गए। जिला न्यायालय कोंडागांव के पांच न्यायालयों में एवं तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, नारायणपुर के न्यायालयों में एक-एक खंडपीठ बैठाकर और राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व न्यायालय में एक खण्डपीठ बैठाकर 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें राजीनामा योग्य मामलों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के खण्डपीठ क्रमांक 1 में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 6 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 38,20,000 व अन्य सिविल के कुल 6 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 4228464 एवं प्री-लिटिगेशन के कुल 16 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 845000 का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय एफ.टी.एस.सी. के खण्डपीठ क्रमांक 02 में प्री-लिटिगेशन के कुल 31 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 4765752 का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय के खण्डपीठ क्रमांक 3 में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 2 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 2500000 व अन्य सिविल के कुल 05 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 1720869 प्री-लिटिगेशन के कुल 290 प्रकरण निराकृत हुआ जिसमें कुल राशि 1657243 का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के खण्डपीठ क्रमांक 04 में आपराधिक प्रकरण कुल 10 प्रकरण निराकृत हुए तथा चेक बाउंस से संबंधित कुल 04 प्रकरण समझौते के आधार पर निराकृत किये गए जिसमें कुल राशि 830000 व ट्रैफिक चालान के मामले कुल 290 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 29000 एवं अन्य समरी के कुल मामले 68 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 79800 का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के खण्डपीठ क्रमांक 05 में आपराधिक प्रकरण कुल 09 तथा चेक बाउंस से संबंधित कुल 02 प्रकरण समझौते के आधार पर निराकृत किये गए। जिसमें कुल राशि 451314 तथा मेट्रोमोनियल के कुल मामले 01 प्रकरण निराकृत किये गए एवं 321,258 एक्ट के कुल मामले 38 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 116000 तथा बाल कल्याण से कुल मामले 01 प्रकरण निराकृत हुए तथा ट्रैफिक चालान के मामले कुल 188 निराकृत हुए जिसमें कुल राशि 18800 का अवार्ड पारित किया गया एवं राजस्व प्रकरणों से संबंधित कुल 5055 प्रकरण का निराकरण हुआ। तालुका विधिक सेवा समिति स्तर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्री-लिटिगेशन के कुल मामले 1499 कुल राशि 1742861 एवं आपराधिक प्रकरण कुल 04 प्रकरण निराकृत हुए व मेट्रोमोनियल के कुल मामले 05 प्रकरण निराकृत किये गए व चेक बाउंस के 10 प्रकरण निराकृत हुआ।

# धुर नक्सल प्रभावित गांव गुण्डम में महुआ पेड़ के नीचे केन्द्रीय गृह मंत्री ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से खुलकर की चर्चा

## शासन की सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के गुण्डम गांव में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीयतापूर्वक खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर हमने माओवादी आतंक को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, जिसका परिणाम है कि आज नक्सलवाद एक छोटे से दायरे में सिमट कर रह गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि माओवादी आतंक के भय से ग्रामीणों को मुक्त कराने के लिए बस्तर के विभिन्न स्थानों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए है। बस्तर अंचल में अमन और शांति का वातावरण स्थापित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से जुड़ कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेंजे। शिक्षा से ही विभिन्न समस्याओं का समाधान निकलेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुण्डम के नजदीक स्थापित कैम्प में अस्पताल की सुविधा भी है जहां निःशुल्क उपचार हेतु ग्रामीण निःसंकोच होकर जाएं और झाड़-फूंक के भरोसे न रहें। उन्होंने ग्रामीणों को निःशुल्क 35 किलो चांवल, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने गांव में स्थित प्राथमिक शाला का अवलोकन कर बच्चों से पढ़ाई सम्बधी जानकारी ली और नियमित स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। वहीं उन्होंने महिलाओं को भी शिक्षा के लाभ से अवगत कराया। गृहमंत्री अमित शाह ने ग्रामीणों हेतु जन सुविधा शिविर लगाकर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने कहा शासन कि समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक पासबुक अनिवार्य है, इसलिए सभी का बैंक पासबुक जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक वर्ष के भीतर गांव में सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल, पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्राइवेट अस्पतालों का करोड़ों रूपए का भुगतान बकाया आयुष्मान कार्ड का गरीबों को नहीं मिल रहा लाभ: मंडावी

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के दौरान निजी अस्पतालों में गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही है। विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य विभाग हेतु 7573 करोड़ 70 लाख का बजट प्रावधान किया गया था।

जिसमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना हेतु 1526 करोड़ का प्रावधान था। उसमें प्रदेश के अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाईयां, जांच हेतु रीएजेन्ट की खरीदी तक भी विभाग द्वारा नहीं किया गया। यहां तक कि देश एवं प्रदेश की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी आयुष्मान योजना का दावा भुगतान प्रदेश के निजी अस्पतालों को नहीं करने के कारण अस्पताल प्रबंधन द्वारा गरीब मरीजों का उपचार करना बन्द कर दिया गया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को 1500 करोड़ का भुगतान लंबित होने से छोटे अस्पताल अपने कर्मचारियों का वेतन भुगतान तक नहीं कर पा रहे है। प्रदेश में आम जनता इलाज हेतु दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा प्रदेश सरकार द्वारा बजट के माध्यम से खर्च करने की जो योजना बनाई गई है उसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। जबकि आयुष्मान योजना के तहत केन्द्रांश की राशि भी प्राप्त होती है। उसके बाद भी प्रदेश सरकार की देनदारी बढ़ती जा रही है। गरीबों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण आम जनता को मजबूरी में प्रदेश के निजी अस्पतालों में अपना घर-बार आजीविका का साधन बिक्री कर नगद में उपचार कराना पड़ रहा है। इसके कारण प्रदेश की जनता को हो रही कठिनाईयों से शासन प्रशासन के प्रति रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

# कोंडागांव ने बस्तर ओलंपिक में जीते 37 पदक





पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन 15 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भव्यता के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल खेल के क्षेत्र में बस्तर के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा। इस आयोजन में कोंडागांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 37 जीते जिसमें पदक 9 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में कोण्डागांव से कुल 320 खिलाड़ी और 57 अधिकारी शामिल हुए रहें।

### विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा राशि

ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत खेलों के प्रथम स्थान हासिल करने वाले विजेता खिलाड़ियों को 5000, 3000 और 2000 व टीम खेलों के लिए 10000, 6000 और 4000 की राशि प्रदान की जाएगी।

### बस्तर यूथ आइकॉन बने रंजू सोरी

कोंडागांव के तीरंदाज रंजू सोरी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बस्तर युथ आइकॉन घोषित किया गया। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विशेष रूप से सम्मानित किया। शाह ने कहा, रंजू जैसे खिलाड़ी क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका योगदान छत्तीसगढ़ के खेल जगत को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित इस ओलंपिक का उद्देश्य युवाओं को खेल और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना था। साय ने कहा बस्तर ओलंपिक ने यह साबित कर दिया हैं कि क्षेत्र के युवाओं में न केवल खेल प्रतिभा की प्रचुरता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान को भी विश्व स्तर पर ले जाने का सामर्थ्य है।

# पोटाकेबिन में फिर एक मासूम छात्र की मौत, थम नही रहा मौत का सिलसिला




**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के भटवाड़ा में संचालित रेसिडेंसियाल विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र टाँकेश्वर नाग की डिमरापाल स्थित मेकाज में ईलाज दौरान मौत हो गई, जिले में लगातार आश्रम पोटाकेबिन में ये तीसरी मौत है, कुछ दिन पहले कन्या पोर्टकेबिन नैमेड की एक छात्रा की मौत हुई थी। वही धनोरा स्थित माता रुकमणी आश्रम में फूड पइजिंग से एक छात्रा ने अपनी जान गवां दी। जिले में बच्चों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है और जिम्मेदार कोई न कोई बीमारी का बहाना कर अपना पल्ला झाड़ लेते है, तो वही स्वास्थ्य विभाग रिफर बनाकर मेकॉज की ओर इशारा करता है। आखिर इन मासूम बच्चों के मौत का जिम्मेदार कौन है प्रशासन य परिजन जो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उन्हें कुछ बनाने का सपना देख आश्रमो में बच्चो को छोड़ देते है।

## न्यायाधीशगण के आवासीय भवनों का भूमि पूजन

**नारायणपुर।** व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप द्वारा न्यायाधीशगण के निवास हेतु भवन का भूमि पूजन कर लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव कमलेश कुमार जुर्री, अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव एवं नारायणपुर विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोंडागांव शिव प्रकाश त्रिपाठी, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव गायत्री साय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेंद्र सिंह नाग एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण और पीडब्ल्यूडी के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कुंदला में किया जाएगा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**नारायणपुर।** कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशानुसार गुरुवार को प्रातः 10 बजे से ग्राम कुंदला, विकासखण्ड ओरछा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के समस्त विभागीय अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर शासन की योजना के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## न्यायाधीशगण ने उप जेल नारायणपुर का किया मुआयना

**नारायणपुर।** उप जेल नारायणपुर का नालसा के आदेशानुसार न्यायाधीशगण के द्वारा निरीक्षण किया गया। विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा कैदियों का स्वास्थ्य, खान-पान, प्रकरण में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में पूछताछ किया गया। कमलेश जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा कैदियों से जिसका विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता नियुक्त किया गया, उसे किसी प्रकार से फीस या रकम नहीं दिया जाना के संबंध में सलाह दिया गया। विक्रम प्रताप चंद्र अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा कैदियों और अपराध न करते हुए अच्छे जीवन यापन करने की अभीरक्षा में न रहकर परिवार सहित रहने की सलाह दिया गया। निरीक्षण के दौरान हरेंद्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोंडागांव, गायत्री साय सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, चंद्रप्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर, अधिकार मित्र घासी राम नेताम, संजय नायक जेल अधीक्षक न्यायिक एवं कर्मचारिगण उपस्थित थे।

# हिट एंड रन मामलों के संबंध में बैठक का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

सुप्रीम कोर्ट के रिट पिटिशन क्र. 295/2012 एस. राजासीकरन विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश में 12 जनवरी 2024 के पालन में व सालसा के निर्देशानुसार उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष एवं उनकी उपस्थिति में मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक कोंडागांव व नारायणपुर का विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें हिट एण्ड रन के संबंध में कोंडागांव, नारायणपुर के अज्ञात वाहनों से सड़क दुर्घटनाओ से कई व्यक्तियों की मृत्यु और घायल होने के संबंध में पीड़ित पक्षकार की और से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन पेश करने की प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए आवेदन पुलिस थाना एवं यातायात परिवहन विभाग से एफआईआर प्रथम सूचना रिपोर्ट से संबंधित दस्तावेज तैयार कर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत कर कार्यवाही कर मुआवजा राशि दिलाये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, काशी प्रसाद मरकाम उप.पुलिस अधीक्षक; अजाक कोंडागांव, कलेक्टर आफिस नारायणपुर से आर. मेश्राम स्टेनो, रितेश श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अधीक्षक बेनूर जिला नारायणपुर से उपस्थित रहें।

# पीएसई लेवल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह उत्पाद प्रदर्शनी 7 और 8 जनवरी को बिलासपुर में

**कोंडागांव।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास और उनके लिए नए अवसरों की तलाश के उद्देश्य से एमएसएमई विकास कार्यालय, रायपुर, और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय सीपीएसई लेवल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन 7 और 8 जनवरी 2025 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर के रजत जयंती सभागार में किया जा रहा है। जिसमें न केवल छत्तीसगढ़ में कार्यरत प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम, बैंकर्स भाग लेंगे बल्कि अन्य राज्य के सार्वजनिक उपक्रम भी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा अपने उत्पादों सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों व केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्रेता-विक्रेता, उपभोक्ता तथा विनिमार्ताओं के मध्य नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे कि वे आपसी सहभागिता के साथ अपने औद्योगिक सम्बन्धों को सुदृढ़ बना सकें एवं एमएसएमई क्षेत्र के विकास को गति प्रदान कर सकें। इस कार्यक्रम में एमएसएमई इकाइयों का केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों के साथ मौके पर ही विक्रेता पंजीकरण भी किया जाएगा, जो कि सार्वजनिक उद्यमों के लिए वेन्डर के चयन में सहायक होगा। साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की पब्लिक प्रोक्योमेंट पॉलिसी, उद्यम रजिस्ट्रेशन, जेम के अतिरिक्त एमएसएमई के लिए लाभप्रद केन्द्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं आदि की भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# नशे चाकूबाजी के बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश मे बढ़ते नशे के कारोबार प्रतिदिन राजधानी सहित सम्पूर्ण प्रदेश मे बढ़ रहे चाकूबाजी के प्रकरणों मे वृद्धि के खिलाफ व महिलाओ के साथ हो रहे अत्याचार अनाचार पर अंकुश लगाने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग के साथ किसानों के धान खरीदी मे हो रही परेशानियों से जुडी बातों को कलेक्टर कोंडागांव के संज्ञान मे लाकर युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा हैं। युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग ने कहा कि, जबसे प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई हैं प्रदेश मे गुंडागर्दी चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है जुआ सट्टा का कारोबार फल-फूल रहा है छत्तीसगढ़ मे उड़ीसा के दारू को खपाने का मानो कम्पिटिशन चल रहा हो जैसा शराब गांव गांव मे बिक रहा है महिलाओ की सुरक्षा को लेकर सरकार की लापरवाही साफ दिखती है। यहां पर जबसे भाजपा की सरकार बनी है सांय सांय महिला संबंधी प्रकरणों मे वृद्धि हो रही है, आंकड़ों की बात करें तो रजिस्टर्ड प्रकरण के आधार पर प्रतिदिन 2 घटनायें महिलाओ से संबंधित है ऐसी स्थिति मे महिला सुरक्षा की बात करने वालों के मुँह पर दही जमा हुआ है। किसानो का प्रदेश है छत्तीसगढ़ यहाँ किसानों को अपने ही धान को लेम्पसों मे बेचने मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्या यही है सुशासन क्या यही है मोदी की गारंटी क्या यही है अच्छे दिन अगर इसे सुशासन कहते हैं तो इससे अच्छा हमारे पुराने दिन ही थे। हम ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग करते हैं छत्तीसगढ़ की जनता को छलना बंद करें और घोषणा पत्र के अनुसार किसानों को 3100 रुपए एक मुश्त तत्काल जारी करें युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दें स्थानीय नौकरी दें अन्यथा किसान मजदूर युवाओं की आवाज को सड़क से सदन तक लेकर जायेंगे।

# कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग जयसिंह को मिला फ्री बस पास

## जनदर्शन में दिव्यांगजनों को मिली त्वरित सहायता

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कई जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल रही है। इसी क्रम में जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत के संवेदनशीलता से फरसगांव नगर पंचायत के झुलनाडिही निवासी दिव्यांग जयसिंह नेताम और सामबती को त्वरित राहत मिली।

जनदर्शन में पहुंचे जयसिंह नेताम ने बताया कि, वर्ष 2017 में ब्रेन ट्यूमर के कारण उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है और वे 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उन्हें इलाज के लिए बार-बार रायपुर जाने की आवश्यकता के चलते बस किराये की वजह से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्होंने फ्री बस पास की मांग की। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ को तुरंत फ्री बस पास जारी करने के निर्देश दिए। बस पास पाकर जयसिंह ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा इससे उन्हें इलाज के लिए रायपुर आने-जाने में आसानी होगी और उनकी आर्थिक समस्या कम होगी।

### दिव्यांग महिला को मिली छड़ी

ग्राम मोहलई से जनदर्शन में पहुंची दिव्यांग महिला सामबती राठौर ने चलने-फिरने में परेशानी और आवास की जरूरत को लेकर आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें समाज कल्याण विभाग से छड़ी प्रदान की गई और आवास उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया। जनदर्शन में कोंडागांव गीता निषाद ने राशन कार्ड, गोपाल दहिया ने कृषि भूमि में रास्ते की समस्या और बाल गृह बालिका के स्टाफ ने केंद्र के यथावत संचालन और मानदेय से जुड़ी मांग सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए शिक्षकों व पालकों का प्रशिक्षण आयोजित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत् जिले के 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकित हेतु शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता, प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान अध्यापक एवं पालकों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण करना है। इसके अलावा सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार के दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दी गई। इसी तरह गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पालकों को दैनिक जीवन क्रियाकलाप, स्पीच, फिजियों थैरेपी के बारे में बताया गया।

# वेटलैंड संरक्षण संवर्धन हेतु वन मितान जागृति जन जागरण अभियान



पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

ग्राम निराछिंदली के जलाशय के समीप वेटलैंड संरक्षण संवर्धन हेतु जन जागरण एवं वन मितान जागृति अभियान के तहत वन मंडल केशकाल के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गिरिदीप हाई स्कूल केशकाल एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल केशकाल से चयनित छात्र-छात्राओं को वेटलैंड भ्रमण एवं जंगल यात्रा कराया गया।

स्थलीय जलीय एवं वन्य पारिस्थितिकी तंत्र से स्थिति परिचित कराते हुए दोनों की महत्व बताया गया है। साथ ही विविध जीव जंतु वनस्पतियों से परिचित कराया गया और वन एवं उसकी उपयोगिता बताई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक कांकेर दिलराज प्रभाकर ने अपने उद्बोधन में वेटलैंड को सारगर्भित परिचय देते हुए प्रकृति संरक्षण में योगदान हेतु बच्चों से अपील किया। वन मंडल अधिकारी केशकाल गुरु नाथन एन. द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणों को वनों के संरक्षण संवर्धन में योगदान की अपील किया गया। उपवन मंडलाधिकारी केशकाल सुषमा जे नेताम द्वारा प्राकृतिक संरक्षण संवर्धन और पेड़ों के महत्व के बारे में सहविस्तार बताया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत निराछिंदली मुकेश सोरी और विकास मित्र संस्था से डॉक्टर धनराज कुलदीप ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों तथा संपूर्ण ग्रामवासियों का सहभागिता रही।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में इसरो के वैज्ञानिकों के मार्ग दर्शन में होगा 'अन्वेषण' कला-संस्कृति अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अन्वेषण कला, संस्कृति और अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना, कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के नवीनतम आयामों से अवगत कराना है। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि इसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे छात्रों और उपस्थित दर्शकों को अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी नवाचारों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। उनके विचार और अनुभव छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी के दौरान क्षेत्रीय पत्रकारों का प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित किया जाएगा। इसमें वैज्ञानिकता और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मीडिया के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और विज्ञान की नई संभावनाओं पर संवाद स्थापित करना है।

## प्रदर्शनी की मुख्य झलकियाँ

अंतरिक्ष विज्ञान के मॉडल और प्रदर्शनियाँ, कला और संस्कृति पर आधारित छात्रों के प्रोजेक्ट, इसरो के वैज्ञानिक का प्रेरणादायक सत्र, वैज्ञानिकता और अंतरिक्ष विषय पर पत्रकारों का संवाद विद्यालय के प्राचार्य योगेश पोपट ने बताया कि इस आयोजन से छात्रों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने और अपनी सृजनात्मकता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पाँच हज़ार से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक हिस्सा लेंगे। यह कार्य म समाज में विज्ञान और संस्कृति के बीच समन्वय को मजबूत करेगा। कार्य म का समापन मुख्य अतिथि के संबोधन और छात्रों के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान के साथ किया जाएगा।

## कला संस्कृति–आंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, खमरिया, भाटापारा में 15 दिसम्बर को अन्वेषण कला-संस्कृति, अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी छात्रों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के नवीनतम आविष्कारों और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को विज्ञान से सम्बंधित संयत्रों को बनाने और चलाने संबंधी प्रशिक्षण हेतु इसरो के प्रबुद्ध सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक शामिल हो रहे है। इसी तारतम्य मे प्रदर्शनी के शुभारंभ से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमे देश के इसरो के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अपने अनुभव ज्ञान का विभिन्न स्कूलों से आ रहे लगभग 3000 से 4000 स्कूली छात्र छात्राओं को प्रदाय करेंगे

## जिले के इतिहास मे पहली बार ईसरो के वैज्ञानिकों का पडा कदम

जिले के लिये यह गर्व कि बात है कि पहली बार राष्ट्रीय स्तर के इसरो वैज्ञानिक अपना अनुभव स्कूली छात्र छात्राओं को शेयर करेंगे जिसके अंतर्गत पत्रकार वार्ता रखा गया था मुख्य रुप से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. नरेश भट्ट इसरो अहमदाबाद, डॉ हेमेन्द्र आर.कंसरा, डॉ. एस.पी. व्यास डॉ. सिंह व प्रिंसिपल योगेश पोपट सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता उपस्थित थे ।

## उपग्रह की दशा व दिशा आदि जानकारी साझा किया जायेगा

गौरतलब है कि स्कूली छात्र छात्राएं विज्ञान व भूगोल विषय के अंतर्गत आंतरिक व सेटेलाइट से जुडे वैज्ञानिकों कि शोध अनुसंधान कि पुस्तक मे ही पढते परंतु आंतरिक विज्ञान अनुसंधान केन्द्र से जुडी जानकारी इसरो के वैज्ञानिक प्रत्यक्ष रुप से अपने अनुभव के माध्यम स्कूल के नवनिहाल भविष्य को साझा करेंगे

## वैज्ञानिक बनने के लिये क्या कर सकते नवनिहाल पीढी?

पत्रकार वार्ता के दौरान उपस्थित वैज्ञानिकों से सवाल कि नवनिहाल पीढी प्रेरित होकर वैज्ञानिक बनना चाहे तो क्या संदेश रहेगा जिस पर उपस्थित वैज्ञानिकों ने सुझाव शेयर करते हुये इसरो वैज्ञानिक डॉ नरेश भट्ट ने कहा छात्र छात्राएं अपने मानसिक स्वभाव के अनरुप पढाई करे व पढाई मे एकाग्रता सबसे अधिक अवश्यक होता है वैज्ञानिक डॉ हेमेन्द्र आर कंसारा ने कहा कि वैज्ञानिक बनना देश कि सबसे बडी सेवा होती है नवनिहाल छात्र पीढी जो कि आईटीआई बीकाम साईंस से जुडे हुये है वह दृढ इच्छा शक्ति व एकाग्रता के बल पर वैज्ञानिक बन सकते है गौरतलब है कि सेटालाईट इंफार्मेशन कि उक्त जानकारी हिन्दी मे भी पढ़ाये जाने का प्रावधान रखा गया है डॉ सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं के किसी भी लक्ष्य को निर्धारित करने मे शिक्षक का भी सबसे बडा योगदान रहता है जो कि किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रेक्टिकल कि ज्ञान को फिल्ड मे लाये एस.पी. व्यास ने कहा कि विज्ञान जो तरक्की कर रहा है उसमे इसरो का बहुत बडा योगदान है। देश कि सीमा शरहद के रक्षा के लिये इसरो के सेटालाईट से ही दुश्मन के हरकतों पर नजर रखी जाती है जिससे देश की सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी प्राप्त होता है कृषि मे भी किसानों को मौसम का पूर्वानुमान लगने से वह उस अनुकूल कृषि करता है विज्ञान ज्ञान होता है और ज्ञान से ज्ञान बढता है और उसी से अविष्कार होते रहता है।

# विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 24 दिसंबर को

**बलौदाबाजार।** जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। 18 दिसंबर.2024 को गुरु घासीदास जयंती एवं 25.दिसंबर 2024 को क्रिसमस पर्व का शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर 2024 मंगलवार को किया जा रहा है। जिससे विभागीय परीक्षा में चयनित अभियार्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा सके एवं उन्हे असुविधा का सामना न करना पडे। दिनांक 01 जनवरी 2025 से जिला मेडिकल बोर्ड सप्ताह के प्रत्यके बुधवार से यथावत आयोजित की जावेगी।

# बहू को जलाकर हत्या करने वाले जेठ व देवर को आजीवन कारावास

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने ग्राम करेली निवासी किरण कोसले और उसकी 05 माह की बच्ची स्वाति की मृत्यु कारित करने के लिए मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगाकर हत्या कारित करने वाले आरोपी धनीराम कौशल एवं दीपक कौशल को आजीवन कारावास से दंडित किया। घटना थाना सुहेला अंतर्गत ग्राम करेली की है। सुहेला सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी ने थाना सुहेला में किरण कोशले एवं स्वाति कोशले उम्र 05 माह जलने से उपचार हेतु अस्पताल मे भर्ती किये जाने का मेमो भेजे जाने पर थाना प्रभारी सुहेला अपने स्टाफ सहित मामले की जांच हेतु सरकारी अस्पताल सुहेला जाने पर प्रार्थिया किरण कोशले द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ग्राम करेली मे अपने पति तिलक एवं दो बच्चों के साथ परिवार से अलग होकर रहती है। 12-06-2020 को दोपहर लगभग 12.30 बजे घर पर वह और उसकी पांच माह की बच्ची थे। उसके पति समान लेने गाँव के किराना दुकान गए हुए थे। उसी समय उसका जेठ धनिराम व देवर दीपक उसके कमरे मे आकर जेठानी के साथ झगड़ा करते रहती हो बोलकर झगड़ा विवाद कर उसे जान से खत्म कर देते हैं कहते हुए देवर दीपक उसके दोनों हाथ को पकड़ लिया, तब जेठ धनीराम मिट्टी तेल उस पर छिड़क कर माचिस से आग लगा दिया और भाग गया। उसके जलते समय उसकी पांच माह की बच्ची भी आग के लपेट मे आ गई। तभी उसके पति दुकान तरफ से कमरा मे आकर उसे जलता देख पानी डालकर बुझाये हैं। घटना के बारे मे उसके पति, बहन और जीजा को बताई। प्रकरण में अन्य चार लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना के दौरान तहसीलदार सुहेला द्वारा आहता किरण का मृत्यु कालिक कथन लेखबद्ध किया गया व मुलाहिजा कराया गया। उपचार के दौरान मृतिका किरण का डी के हॉस्पिटल रायपुर मे मृत्यु हो जाने की सूचना पर मर्ग इंटीमेशन दर्ज कर मृतिका का शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। साक्षियों के कथन लेखबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के समक्ष विचारण पश्चात उक्त प्रकरण मे अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए अभियुक्त धनीराम कौशल एवं दीपक कौशल को धारा 302/34 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने पैरवी की।

# प्लेसमेंट कैम्प में 71आवेदकों का हुआ प्राथमिक चयन

## 10 युवाओ क़ो मिला ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी क़े. मार्गदर्शन में सोमवार क़ो लाइवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार मे प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 127 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 71 का प्राथमिक चयन एवं 10 आवेदकों का स्थल पर ही नियुक्ति प्रदान किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जानकारी प्रदान किया गया है कि जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाइवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में सोमवार को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 297 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा द्वारा बीमा अभिकर्ता के 20 पद, बीमा सखी (केवल महिला) के 20 पद, हेतु 27 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे से 21 आवेदकों को प्राथमिक चयनित कर अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के 01 पद, डिलिवरी बाय के 10 पदों पर 18 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे से 9 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 2 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शेष आवेदकों को 7 दिवस के अंदर अपने संस्थान पद उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, 10 पद महिला गार्ड हेतु, मार्केटिंग (पुरूष ) के 08 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 04 पद, कारपेंटर (पुरूष) के 04 पद, सुपरवाइजर (पुरूष) के 05 पद, हेतु कुल 30 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर अपने संस्थान पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। इंडिया हेल्प पॉइंट रायपुर रायपुर द्वारा एक्सक्यूटीव के 30 पद, सुपरवाइजर के 30 पद, मैनेजर के 5 पद, हेतु 34 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमे से 10 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 8 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शेष आवेदकों को 7 दिवस के अंदर अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूषन्स रायपुर द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 100 पद, हेतु 16 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें से 11 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर अपने संस्थान पर 7 दिसव के अंदर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

# सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर घर बांटे जा रहे पत्र



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा घर घर पहुंचकर विष्णु के पाती(पत्रों) का वितरण किया जा रहा है। जिसके जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 24- 25 के ग्राम पंचायत मोहतरा ग्राम गोरधा, ग्राम पंचायत नवागांव के आश्रित गांव कोठारी व तालदादार में स्वीकृत हितग्राहियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के पाती (पत्र) उनके आवास निर्माण स्थल में पहुंच कर दिया गया। हितग्राहियों द्वारा भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ भारत का सबसे अग्रणी राज्य बनेगा : निलेश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ की जनता को जो भरोसा दिया, गारंटी दी थी, उसे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 1 साल में पूरा कर दिया। यह तो 1 वर्ष की सफलता है, आने वाले वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, सुशासन के साथ और अधिक विकास देखने को मिलेगा यह बात भाजपा शहर मंडल महामंत्री एवं पूर्व पार्षद निलेश लुनिया ने कही है । लुनिया ने आगे कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा, शराब कोयला चावल घोटाला डीएमएफ फंड का दुरुपयोग जैसे अनेक भ्रष्टाचार उजागर हुए जिसके आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। इस अवधि में प्रदेश की जनता को सिवाय उपेक्षित होने के कुछ नहीं मिला जिसे देखते विधानसभा चुनाव के पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को न सिर्फ सुशासन देखने को मिलेगा। सर्वहारा वर्ग के साथ प्रदेश का अविरल विकास देखने को मिलेगा। मोदी की इस गारंटी को जनता ने गंभीरता से लिया और विधानसभा चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताया और जैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की बागडोर विष्णु देव साय ने संभाली तभी से मोदी जी की गारंटी के अनुसार कार्य प्रारंभ कर दिए गए। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में जैसे ही सत्ता संभाली किसानों की धान 3100 रूपये में खरीदने की व्यवस्था की गई। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपये देना प्रारंभ किया। तेंदूपत्ता श्रमिकों को पारिश्रमिक बढ़ा कर दिया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास के तहत प्रत्येक परिवारों का सर्वेक्षण कर उनका भविष्य में आलीशान भवन बनाए जाने को लेकर भी सर्वेक्षण चल रहा है। ऐसे अनेक योजनाएं प्रदेश में लागू है जिससे प्रदेश की जनता प्रसन्न है और इन सभी योजनाओं के अलावा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री साय द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं भी चलाई जा रही है जिससे हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। साय द्वारा न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज में बैठे ग्रामीणों के लिए भी नई.नई योजनाएं लागू की गई है जिसका लाभ लेकर वे आत्मनिर्भर हो रहें है।

# भाजपा के डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास-मोहन मंडावी

## आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को विजयी दिलाना है : राजेन्द्र गोलछा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 8 में सांसद निधि से नवनिर्मित टीन शेड निर्माण लोकार्पण में पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी मुख्य अतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, वार्ड क्रमांक 8 पार्षद दुर्गा साहू, पार्षद झमित सिन्हा, महामंत्री रामायण सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आसंदी से पूर्व सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है। आने वाले समय में मगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। धमतरी से नगरी, बांसकोट, कोंडागांव, जगदलपुर तक रेल लाइन के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया गया और भविष्य में भी इस संबंध में प्रयासरत रहूंगा। रेल मंत्री द्वारा सर्वे की स्वीकृति दी गई जिसके तहत रेलवे मंत्रालय द्वारा सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में सप्त ऋषियों का आश्रम है इसका भी समुचित विकास कर नगरी सिहावा क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप स्थापित किया जाना चाहिए। विशेष अतिथि राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप लोगों ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत के सभी बुथों में भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन प्रदान किया आगामी नगर पंचायत चुनाव में भी आप लोग भाजपा को समर्थन देकर विजयी बनावें। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है नगर पंचायत क्षेत्र में भी भाजपा की सरकार बनाना है। नगर पंचायत मंगरलोड में भाजपा की सरकार बना कर यहां के विकास को गति देना है। कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष श्रीमती दुर्गा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू साहू, नरेश सिन्हा, विमल ध्रुव ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, जनपद सदस्य हीरामन ध्रुव, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, डीहू राम साहू, दिलीप सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष टीकम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा, सुरेश चेलक, गजेन्द्र साहू, अशोक साहू, हितेशवरी साहू, विमल ध्रुव, अश्वनी साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# जिला खेल अधिकारी नहीं होने से खिलाड़ियों का हो रहा नुकसान : जागेंद्र पिंकू साहू

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में पिछले 3 सालों से खेल अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से जिले के खिलाड़ियों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। जनपद सदस्य जागेंद्र पिंकू साहू ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले में खेल अधिकारी की तत्काल नियुक्ति की जाए। साहू ने आगे कहा कि लगभग 3 साल पहले जिला खेल अधिकारी सुसुधा कुमारी थी। उनके स्थानांतरण के बाद जिला खेल अधिकारी का प्रभार डिप्टी कलेक्टर उमा राज को दिया गया था, जो लगभग 2 साल तक इस पद पर रही। इसके उपरांत प्रभार रामकृपाल संयुक्त कलेक्टर को दिया गया जो लगभग 4 माह तक इस पद पर रहे जिसके बाद अभी वर्तमान में लगभग 9 माह से प्रभार डिप्टी कलेक्टर डी इक्का संभाल रही है। ग़ौरतलब है कि जिन भी प्रशासनिक अधिकारियों को जिला खेल अधिकारी का यह अतिरिक्त पद का प्रभार दिया जाता है उनके पास पहले से ही शासन प्रशासन के बहुत सारे कार्य को सही समय में निष्पादित करने के लिए दबाव रहता है जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# नगर पालिका परिषद के निर्वाचन के लिए वार्डो का हुआ आरक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद् और नगर पंचायतों के आगामी निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 क में दिए गए प्रावधान अनुसार वार्डा का आरक्षण वर्ष 2011 के जनसंख्या के आधार पर लॉटरी सिस्टम द्वारा सम्पन्न किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद् सरायपाली के 15- वार्डो का आरक्षण भी किया गया।आरक्षण की इस क्रमांक में जनप्रतिनिधि और नागरिकों की उपस्थिति रही। इस प्रकार नगर पालिका सरायपाली के लिए अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 व 15 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित और अनुसूचित जनजाति वर्ग में वार्ड क्रमांक 14, पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 4, 7 8 और 9 जिसमें वार्ड क्रमांक 7 महिला आरक्षित, अनारक्षित वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6 10, 11, 12 एवं 13 जिसमें वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया।

# कलेक्टर कार्यालय घेराव करते उपार्जन केंद्रों में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



किसानो की परेशानी को मद्देनजर रखते एक ओर युवा कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय घेरने पर लगे रहे तो दूसरी ओर देवभोग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भूपेंद्र माझी के नेतृत्व में देवभोग एवं रोहानागुड़ा उपार्जन केंद्र पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया इस धरना में जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण अवस्थी किसान मोर्चा प्रदेश सचिव आशीष पांडे युवा प्रदेश सचिव उमेश डोंगरे लोकेंद्र कोमर्रा सोदार कश्यप अनामो बघेल सूरज शर्मा सनादो धुर्वा सहित अन्य पदाधिकारी हाथों में 1 साल छत्तीसगढ़ बदहाल राजधानी बनी छुराधानी सहित अन्य तख्ती लिए उपार्जन केंद्र पर बैठे रहे गौरतलब हो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर युवा पदाधिकारियों ने धान समर्थन मूल्य में वादाखिलाफी करने धान खरीदी केंद्र में बदहाल अव्यवस्था सहित नशा एवं बढ़ते अपराध के अलावा प्रदेश के छोटे बड़े उद्योग में स्थानीय यूवाओ के रोजगार की व्यवस्था करने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव का भरसक प्रयास किया गया जिसमें प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र माझी युवा अध्यक्ष भविष्य प्रधान प्रदेश सचिव उमेश डोंगरे नवीन सेन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे इस बीच जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि भाजपा आम लोगो से लुभावनी वादा करके तो सत्ता में काबिज हो गई लेकिन प्रदेशवासियों से किए वादा निभाने में असफल है मिश्रा ने आगे यह भी कहा कि जिन किसानो को एकमुश्त समर्थन मूल्य की राशि देने का घोषणा करने वाले एक साथ पैसा नहीं दे पा रहे है इसी तरह देवभोग उपार्जन केंद्र धरना में बैठे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी भी सरकार के खिलाफ आरोपों की बौछार लगाते कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की एक साल में कई बड़े बड़े लुट पाठ हत्या आगजनी जैसे मामलों उजागर हुआ मतलब भाजपा ने शांति का टापू कहे जाने वाले राज्य को गुंडा प्रदेश बना दिया है इससे बड़ा दुर्भाग्य किया होगा माझी ने कहा कि लोग आज घर से निकलने के लिए भी घबराते है इस हद तक प्रदेश में चाकूबाजी हो रहा है कुछ इस तरह युवा कांग्रेस अध्यक्ष भविष्य प्रधान ने भी कहा प्रधान ने मीडिया से चर्चा में बताया कि प्रदेश सरकार ना युवाओं के लिए रोजगार मुहैया करा रही है और ना छोटे बड़े उद्योग से युवा को जोड़ने की पहल कर रही हैं सिर्फ नशे की ओर धकेलने का काम कर रही है।

# शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर की परिधि तक मादक पदार्थ की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित हो: संभागायुक्त

■ संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने की संभागस्तर पर विभागवार कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में संभागस्तर पर विभागीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने पर्यवरण संरक्षण मंडल, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, उच्च शिक्षा, पंचायत एवं ग्रमीण विकास, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। संभागायुक्त राठौर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुये कहा कि अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि शैक्षणिक संस्थाओं से 100 मीटर की परिधि तक किसी प्रकार के मादक पदार्थ की बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाया जाना सुनिश्चित करें। मादक पदार्थ बिक्री होते पाए जाने पर सख्त कार्यवही की जायेगी। मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने पुलिस प्रशासन संपूर्ण सहयोग प्रदान करें। इसी प्रकार संभागायुक्त राठौर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों के जानकारी ली। उन्होंने शासन की महतारी वंदन योजना संबंधित प्रकरणो का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। पंचायतो से संबंधित कार्यो का मुल्यांकन कर चुनाव से पहले कार्ये पूर्ण करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त राठौर ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को समिति के साथ समन्वय बनाकर मिलिंग व धान उठाव संबंधी समस्याओं का निराकरण अतिशीघ्रता से करने कहा। लोक निर्माण विभाग के गतिविधियों की जानकारी लेकर संभागायुक्त ने अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि सड़क निर्माण के कार्यों को शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण करने कहा। निर्माण कार्यों अंतर्गत उन्होंने विशेष रूप से डोंगरगढ़ से खैरागढ़ सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने को कहा। साथ ही खराब सड़कों के मरम्मत का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण करने कहा। इसके अलावा नगपुरा मे पुल के ऊपर की सड़क का मरम्मत शीघ्रता से किया जाना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल के मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था करने एवं अस्पताल पंहुच मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से महिला छात्रावास के पास हाई मास्क लाईट लगाने के निर्देश दिये। छात्र एवं छात्रों की सुविधा के लिए छात्रावास मे लिफ्ट लगाने के निर्देश दिये। इस संबंध में संबंधित अधिकारी ने बताया कि माह अप्रैल 2025 तक छात्रावास का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त राठौर ने पंचायतों को सहकारी समिति से जोड़ा जाना सुनिश्चित करने कहा। इसके अलावा उन्होंने समिति को जल जीवन मिशन योजना से संबंधित कार्यो को पूर्ण करनें मे सहयोग करने निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने जिला अस्पताल मे स्थित आयुष भवन का जीर्णोद्धार कार्य के गतिविधियों की जानकारी ली एवं अस्पताल अंतर्गत लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में समस्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# तीन माह का वेतन दिलाने स्वास्थ्य मितान ने कलेक्टर से लगाई गुहार

## भूमि का मुआवजा राशि दिलाने कृषक ने की मांग, जनदर्शन में 125 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट में आयोजित सप्ताहिक जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। एडीएम अरविंद एक्का भी जनदर्शन में मौजूद थे। जनदर्शन में आज 125 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम मातरोडिह निवासी ने मुआवजा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि खेत में पावरग्रीड कम्पनी द्वारा टावर लगाया जा रहा है, जिससे खेत का पूरा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। इसी प्रकार भिलाई निवासी ने बताया कि ग्राम अटकारी में पुलिया सेतु का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित अधिकारी द्वारा कृषकधारी के भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया है व पंचनामा भी बनाया गया है, किंतु आज दिनांक तक मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग व पाटन को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। कुरूद भिलाई निवासी कृषक ने नक्शा बटांकन में सुधार हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि खसरा नम्बर में त्रुटि होने के कारण त्रुटि सुधार हेतु प्रकरण दर्ज किया गया था। खसरा नम्बर में सुधार तो हो गया लेकिन नक्शा बटांकन में सुधार नही किया गया है। नक्शा बटांकन में सुधार नही होने के कारण सीमांकन नहीं हो पा रहा है। समस्त स्वास्थ्य मितान ने तीन माह का वेतन भुगतान कराने आवेदन दिया। सभी शासकीय अस्पतालों एवं जिला अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य मितान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मासिक वेतन का भुगतान फैमिली हेल्थ प्लान एवं इंसुरेंस कंपनी द्वारा प्रदान किया जाता है। स्वास्थ्य मितान का वेतन भुगतान विगत 3 माह से नियमित रूप से नही किया जा रहा है। वेतन भुगतान नहीं किए जाने के कारण आर्थिक व मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित वेतन भुगतान के अभाव में परिवार का खर्च चलाने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने शिविरों का आयोजन किया जाता है, किंतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं मोबाईल इंटरनेट प्रदान नही किया जाता है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# 31 दिसम्बर तक निर्माणाधीन पीएम आवास को पूरा करने आयुक्त ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना को देखने के लिए पुनः आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दौरा किए। पूर्व में दिए गये निर्देशो के अनुसार कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। मकान बनाने वाली एजेंसी को निर्देशित किए है कि 31 दिसम्बर तक जिन ब्लॉको की लाटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर चुके है। उन मकानो के ब्लाक को समय अवधि में पूर्ण करें। जिससे हितग्राहियो को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सके। अभी वर्तमान में 210 मकान एन.आर. स्टेट, 1120 मकान सूर्या विहार के पीछे चंद्रनिर्माण एजेंसी, 322 मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे विनोद जैन एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के संबंधित अभियंता एवं एजेंसी के अधिकारियो को भी बुलाया गया था। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के प्रगति को देखकर आयुक्त ने कड़ा निर्देश दिए। यह भी कहा कि प्रथम कार्य मकान तक पहुंच मार्ग को पहले पूर्ण करें, जिससे हितग्राही आकर अपने मकानो का निरीक्षण कर सकें। जो भी पूर्व में खिड़की, दरवाजे, नल, पाईप, वांस बेसिंग इत्यादि लगाए गए है, सब व्यवस्थित होने चाहिए। किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी जिम्मेदार होगी, उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहित संबंधित एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना- निःशुल्क बिजली की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बेहतर क्रियान्वयन और लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में योजना की गाइडलाईन, संभावित चुनौतियों और लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान ई.ई सीएसपीडीएल छगन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के लिए 10,000 कनेक्शन (वर्ष 24-25 हेतु) लक्ष्य निर्धारित है। इसकी पूर्ति हेतु नगर निगम/जनपद वार जिले में अधिक खपत वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई है। जिसके आधार पर अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर चौधरी ने सभी निकाय प्रमुखों से सूची के अनुरूप अधिक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं से संपर्क कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने निर्देशित किया तथा विभिन्न संबंधित विभागों, वेंडर्स और बैंक से आपसी समन्वयन हेतु निरंतर संवाद बनाए रखने एवं योजना की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने विभिन्न माध्यमों में प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देने की बात कही। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और आमजन को बिजली के बोझ से राहत देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत देश के लाखों घरों में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ होगा बल्कि देश को ऊर्जा हेतु आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम साबित होगा। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा सोलर पैनल की स्थापना पर 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, सस्ती ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि सभी इच्छुक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, नगर पालिका निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा-भिलाई के आयुक्त, प्रबंधक लीड एवं समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक जिला दुर्ग, कार्यपालन अभियंता छ.ग.स्टे.पा. डि.कं.लि., कार्यपालन अभियंता अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण दुर्ग, सभी जनपद पंचायत सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद्/ नगर पंचायत, अहिवारा, कुम्हारी, जामुल, अम्लेश्वर, धमधा, पाटन व उतई, पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत कार्यरत् समस्त वेंडर एवं यूवोदय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय 19 एवं 20 दिसंबर 17 वार्डों के लिए अलग- अलग स्थलों में शिविर, घर पहुंचकर बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर छुटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर दो दिवसीय घर घर आयुषमान कार्ड शिविर का आयोजन। इस क्रम में 19 से 20 दिसंबर तक 17 वार्डों के लिए अलग- अलग स्थलों में शिविर लगाया जाएगा।जानकारी के मुताबिक सन्तरा बाड़ी वार्ड क्रमांक 26 बुनकर संघ के पीछे,सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 16 आंगनबाड़ी केंद्र में, कसारीडीह पूर्व वार्ड क्रमांक 43 दीपक टेंड हाउस के निकट, केलाबाड़ी वार्ड 41 नवीन पूर्व माध्यमिक शाला, शहीद भगतसिंह दक्षिण वार्ड 19 दुर्गा मंच कैलाश नगर, तकिया पारा वार्ड 08 शराय भवन, चंडी मंदिर वार्ड 33 जैन धर्मशाला, आजद वार्ड 37 देव प्रिंटर्स के पास, कातुलबोर्ड दक्षिण वार्ड 60 कातुलबोर्ड स्कूल में होगा, स्टेशन पारा वार्ड 22 पार्षद के घर करीब,मोहन नगर पूर्व वार्ड 13 आगनबाड़ी शिव मंदिर के पास, पोटिया कला दक्षिण वार्ड 54 वर्मा एसटी ड़ी पीसीओ के पास में किया जाएगा, पद्मनाभपुर पश्चिम वार्ड 45 में किया जाएगा।पद्मनाभपुर पूर्व वार्ड 46 अजय देवांगन के घर के पास, ठेठवार पारा वार्ड 06 शीतला मंदिर, गंजपारा वार्ड 36 बाबा रामदेव मंदिर शक्ति चौरा, मठ पारा दक्षिण वार्ड 3 पार्षद निवास के पास के शिविर लगाया जा रहा है।

# राज्य शासन के एक वर्ष निगम क्षेत्र में 1304 कैम्प 89 हज़ार से अधिक हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ 21 हज़ार से अधिक मरीजों का निशुल्क रक्त जांच, 73.5 हज़ार मरीजों को निशुल्क दवाइयां

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत राज्य शासन के एक वर्ष की उपलब्धि शहर क्षेत्रो में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना नगर निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 04 सामान्य एमएमयू तथा 01 दाई-दीदी क्लिनिक द्वारा वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीते 1 वर्ष अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से कुल 1304 कैम्प का आयोजन दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत किया गया है जिसमे कुल 89 हज़ार से अधिक हितग्राहियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही 21 हज़ार से अधिक मरीजों का निशुल्क रक्त जांच किया गया उपचार उपरांत मेडिकल टीम द्वारा 73.5 हज़ार मरीजों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। योजना के माध्यम से पिछले 01 वर्ष में कुल 32191 पुरुषों , 48527 महिलाओं, 8944 बच्चों एवं 15 तृतीय लिंग को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई गई।इस प्रकार पुरषों की तुलना में 60त्न अधिक महिलाओं ने योजना का लाभ प्राप्त किया है।

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में 582 स्वच्छता दीदियों का सराहनीय योगदान:** शासन की एक वर्ष की उपलब्धि में निगम सीमा अंतर्गत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में 582 स्वच्छता दीदियों का सराहनीय योगदान, निगम क्षेत्र में खाद निर्माण एवं विक्रय तथा सूखे अपशिष्ट के पुनर्चक्रीकरण से प्राप्त आय से स्वच्छता दीदियों की आर्थिक स्थिति में सुधार इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अभिसरण से स्वच्छता दीदियों को आजीविका के अवसर प्राप्त हुए के साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में दुर्ग नगर निगम को देश में छठवां स्थान प्राप्त हुआ। -योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, स्कूल एवं महाविद्यालय की छात्राओं के लिए विशेष शिविर के माध्यम स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

# राज्य शासन के एक वर्ष की उपलब्धि हितग्राहियों को मिला खुद का आशियाना

■ उपलब्धि राज्य के एक वर्ष पूरे होने पर 562 हितग्राहियों को मिली मकान की पूरी किश्त

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक साल सफलता पूर्वक पूर्ण है! प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना है जिसकी क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार हर प्रकार से अपने हितग्राहियों के आवास की समस्या को ध्यान में रखते हुए ताकि मकान के अभाव कोई भी व्यक्ति ना रहे! आम जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनकी आय 3 लाख से कम हो, स्वयं की जमीन हो ऐसे हितग्राहियों को 30 वर्ग मीटर एरिया में मकान बनवाकर देने का प्रावधान रखा गया था! इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य घटक एएचपी अंतर्गत ऐसे हितग्राही है जिनके पास जमीन तथा मकान नहीं है, जो कि 2015 के पूर्व से शहरी क्षेत्र में निवासरत थे, या जो किराए के मकान में रहते थे उन्हें 1 बीएचके का फ्लैट बनवाकर दिया गया! पात्र हितग्राहियों को फ्लैट मकान आवंटित भी किया जा चुका है! बीएलसी अतर्गत मकान के दस्तावेज सहित लगभग 700 आवेदन में से पात्र 562 हितग्राहियो को मकान बनाकर आबंटित किया जा चूका है जो कि सफलता और सुखी पूर्वक अपने घर में निवासरत है! वर्तमान में बीएलसी घटक अंतर्गत 3335 के लक्ष्य अनुसार 3247 मकान पूर्ण किया जा चुका है तथा 78 प्रगतीरत है जो कि 98 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है! 15 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण 2.0 का शुभारंभ किया गया।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./532/निविदा/लो.नि.वि./2024 भिलाई-चरौदा, दिनांक-17.12.2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मों/एजेन्सी द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु दिनांक-19.12.2024 से दिनांक-10.01.2025 समय-सायं 5:30 बजे तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | वार्ड क्र. 18 वसुन्धरा नगर खेल परिसर के पास सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | रू. 10.06 |
| 2 | वार्ड क्र. 17 शास. चिकित्सालय, भिलाई-03 में शेड निर्माण कार्य। (शेष कार्य) | रू. 2.43 |
| 3 | विधायक निधि से वार्ड क्र. 32 देवबलौदा में शास.उच्च.माध्य.शाला में 01 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | रू. 10.00 |
| 4 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 25 पंचशील नगर (पूर्व) में शेडयुक्त चबुतरा निर्माण कार्य। | रू. 2.95 |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 33 देवबलौदा सागरपारा में भोला मन्दिर के पास चबुतरा निर्माण कार्य। | रू. 3.00 |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 38 सोमनी में पटेलपारा में चबुतरा निर्माण कार्य। | रू. 2.50 |
| 7 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 39 मोरिद में शिव मन्दिर तालाब के पास सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | रू. 3.00 |
| 8 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 13 गैलेक्सी चौक के पास सार्वजनिक भवन में 250 Ltr. Capacity के R.O. Water Purifier प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | रू. 3.00 |
| 9 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 24 सार्वजनिक भवन में 250 Ltr. Capacity के R.O. Water Purifier प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | रू. 3.00 |
| 10 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 33 उड़ियापारा सार्वजनिक भवन में 250 Ltr. Capacity के R.O. Water Purifier प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | रू. 3.00 |
| 11 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 35 शानदार चौक के पास सार्वजनिक भवन में 250 Ltr. Capacity के R.O. Water Purifier प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | रू. 3.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेब-साईट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

''प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, वृक्ष लगाएं, पर्यावरण को शुद्ध बनाएं''

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(First Call)**

System Tender No. 162703/ NIT No.: 15/SAC/24-25 Dated: 13.12.2024

**Online Tenders are invited for the following work up to 03.01.2025 at 17.30 Hours.**

**Name of work - Bank Protection at Downstream of Mundra Anicut in Block Abhanpur, District Raipur.**

Probable Amount of Contract :- **Rs. 819.11 Lakhs**

**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 20.12.2024, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

**NOTE:** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)

G-242504596/6

# निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें अधिकारीः कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन सप्ताह के दौरान शासन द्वारा निर्धारित 8 मापदण्ड के अनुरूप भारत सरकार और राज्य सरकार की पोर्टल पर प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन/ क्रियान्वयन की जानकारी अपलोड किया जाना है। भारत सरकार की सीपी ग्राम पोर्टल में निराकृत प्रकरण और पीजी पोर्टल में लंबित प्रकरणों को निराकरण कर अपलोड करना है। इसी प्रकार राज्य सरकार की पोर्टल में जनदर्शन, जनशिकायत और मुख्यमंत्री अन्य पत्र के सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी अपलोड किया जाना है। इसके अलावा विगत 1 वर्ष की विभागीय उपलब्धियां और हितग्राही मूलक योजनाओं की सफलता की कहानियां भी अपलोड किया जाना है। कलेक्टर चौधरी ने सुशासन सप्ताह के दौरान सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन सप्ताह के दौरान 21 दिसंबर 2024 को विकासखण्ड स्तर पर किसान सम्मेलन का आयोजन होना है। उन्होंने कहा संबंधित जनपद सीईओ, एसडीएम, कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वय से सम्मेलन आयोजित किया जाए। 23 दिसंबर 2024 को प्रत्येक विधानसभा मुख्यालय पर महतारी वंदन संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद सीईओ एवं एसडीएम के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार 25 दिसंबर 2024 को जिले के प्रत्येक अटल चौक पर सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित है। सभी अटल चौकों की मरम्मत व रंग रोगन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाए। कलेक्टर चौधरी ने इस दौरान विभागों में आयोजित होने वाले प्रस्तावित गतिविधियों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया तथा सरकार के 1 साल होने पर स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए प्रचार सामग्री में ''सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' लोगो के रूप में प्रयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने पंचायत/नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पंचायत चुनाव आरक्षण और नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण संबंधी टेबल टॉक तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमओ से धान उठाव हेतु मिलर पंजीयन और अब तक कटे टीओ की जानकारी ली। साथ ही संबंधित एसडीएम को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसी भी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी बंद नहीं होनी चाहिए। अब तक जिले के 49 प्रतिशत किसान धान बेच चुके है। अधिकारी ध्यान रखे केंद्रों में धान की रिसायकलिंग न होने पाए। काटे गए टोकन के विरूद्ध किसानों से रकबा एवं खसरा समर्पण कराना संबंधित एसडीएम, कृषि विभाग और समितियों की जिम्मेदारी है।

## संपादकीय

# संविधान पर चर्चा मोदी के संकल्प

**लोकसभा** में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने महत्वपूर्ण 11 संकल्प सामने रखे। लोकसभा में 13 दिसंबर को संविधान पर हुई चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के भावी विकास को निर्देशित करने के लिए 11 संकल्प प्रस्तुत किए। संविधान की भावना से निर्देशित इन संकल्पों में नागरिकों की आवश्यकता पर जोर देते हुए सरकारी अधिकारियों से अपने दायित्व निभाने पर जोर दिया गया था। इसके साथ ही संविधान द्वारा मूल कर्तव्यों पर भी जोर दिया गया है, पर उनका क्रियान्वयन व्यापक सार्वजनिक जागरूकता तथा संस्थागत जवाबदेही पर निर्भर है। प्रधानमंत्री ने इस बात की पुन: पुष्टि की कि उनकी सरकार 'सबका साथ सबका विकास' के माध्यम से समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि पिछले वर्षों में ढांचागत विकास तथा डिजिटल पहुंच जैसे क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है, पर क्षेत्रीय असमानता तथा सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इनको संबोधित करने के लिए लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों और संसाधनों के समुचित उच्चीकरण की जरूरत है। सार्वजनिक विश्वास और आर्थिक क्षमता को नुकसान पहुंचाने वाले भ्रष्टाचार का भी उल्लेख प्रधानमंत्री के भाषण में हुआ और उन्होंने भ्रष्टाचार की सामाजिक अस्वीकृति पर जोर दिया। उनका यह दृष्टिकोण डिजिटल पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों से पुष्ट होता है। लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीवन्त क्रियान्वयन व्यवस्थायें तथा न्यायिक सक्षमता बहुत जरूरी हैं। कानूनों और परंपराओं के प्रति सम्मान एक और महत्वपूर्ण संकल्प है जिसका उद्देश्य सामाजिक एकजुटता मजबूत करना है। इसके लिए न केवल कानूनों के कठोर क्रियान्वयन, बल्कि नागरिकों को शिक्षित करने के सांस्कृतिक अभियानों की जरूरत है ताकि उनको भारत की विधिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक किया जा सके।



इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की विरासत को औपनिवेशिक युग की सोच से मुक्त करने का आह्वान किया। इसके लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का संवर्धन, शिक्षा पाठ्यक्रम को औपनिवेशिक सोच से मुक्त करने तथा भारत की उपलब्धियों का विश्व स्तर पर सम्मान जरूरी है। मोदी ने संविधान के प्रति सम्मान तथा राजनीतिक लाभ के लिए इसका प्रयोग बंद करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अंतर्गत राजनीतिक निष्ठा और विधायी प्रक्रियाओं में रचनात्मक विचार-विमर्श जरूरी है। प्रधानमंत्री ने बिना धर्म-आधारित आरक्षण को लागू किए वर्तमान आरक्षण व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता प्रकट की। सामाजिक न्याय और प्रतिभा के बीच संतुलन रखना एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सतर्कता से नीतिगत निर्णय की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने 'राज्यों के विकास से देश के विकास' का मंत्र दिया। इसमें सहयोगी संघवाद का महत्व रेखांकित होता है। राज्यों की क्षमताओं के विकास तथा समतापूर्ण वितरण सुनिश्चित करना इस संकल्प की सफलता के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित संकल्पों की सफलता अनेक आयामों पर निर्भर हैं जिनमें कर्तव्यों के साथ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना शामिल है। इन संकल्पों का प्रभावी क्रियान्वयन बड़ी सीमा तक प्रशासन की व्यवस्थाओं तथा जीवन्त संस्थानों पर निर्भर है। इसके साथ ही सरकार द्वारा संस्थानों के समुचित व सक्षम उपयोग के अलावा भारत के नागरिकों में अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना जरूरी है। नागरिकों में देश के विकास तथा सामाजिक कल्याण के प्रति सतर्कता तथा सक्रियता की भावना पैदा करना प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त संकल्पों को जमीन पर उतारने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले लगभग एक दशक में भारत की आर्थिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए विश्वास प्रकट किया कि वह 2047 तक निश्चित रूप से विकसित देश बनेगा।

# खाद्य सुरक्षा का वैश्विक महत्व

**वैश्वीकरण से स्वदेशी खाद्य उद्योगों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा सकता है। लेकिन इन सरोकारों के बावजूद बायोटेक्नोलोजी के संभावित लाभ बहुत अधिक हैं। इससे वैश्विक खाद्य एवं ऊर्जा व्यवस्थायें बदल सकती हैं।**



सुधीर हिंदवान
(लेखक, रणनीति विशेषज्ञ हैं।)

**भू-राजनैतिक** प्रतिद्वंद्विताओं के बढ़ते प्रभुत्व, आर्थिक अनिश्चितताओं तथा पर्यावरण क्षरण की समस्याओं से ग्रस्त दुनिया में महत्वपूर्ण खाद्य सुरक्षा चिन्ताओं को अक्सर पृष्ठभूमि में धकेल दिया जाता है। दुनिया की राजनीति आज अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। इनमें साइबर धोखाधड़ी, व्यापक भ्रष्टाचार, विभिन्न देशों में फैला आतंकवाद तथा व्यापक विनाश के आयुधों का बेलगाम उपयोग शामिल हैं। पश्चिम एशिया संकट तथा रूस-यूक्रेन के बीच जारी वर्तमान युद्ध इन संकटों के उदाहरण हैं। असाधारण रूप से व्यापक शरणार्थी संकट, पर्यावरण क्षरण तथा प्राकृतिक विभीषिकाओं की बढ़ती बारंबारता से ये समस्यायें और गंभीर होती हैं। इन महत्वपूर्ण सरोकारों में खाद्य सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद इसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के अनेक देश प्रभावित होते हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन-एफएओ द्वारा 1996 में रोम विश्व खाद्य सम्मेलन में दी गई परिभाषा के अनुसार, खाद्य सुरक्षा उस समय पैदा होती है जब 'सभी लोगों को पूरे समय तक समुचित, सुरक्षित तथा पोषक भोजन तक भौतिक और आर्थिक पहुंच नहीं मिलती है। यह भोजन उनकी भोजन आवश्यकताओं तथा सक्रिय व स्वस्थ जीवन के लिए खाद्य पसंदों के अनुरूप होना चाहिए।' इस प्रकार इस परिभाषा में न केवल भोजन की भौतिक उपलब्धता, बल्कि उस तक आर्थिक पहुंच पर भी जोर दिया गया है। इसमें भोजन की मात्रा तथा उसकी पोषक गुणवत्ता, दोनों पर जोर दिया गया है। एफएओ के खाद्य सुरक्षा पैमाने के अनुसार गरीब देशों की आधी से अधिक जनसंख्या खाद्य-असुरक्षा स्थितियों का सामना कर रही है, जबकि एक तिहाई जनसंख्या गंभीर संकट का शिकार है। दुनिया भर में लगभग 789 मिलियन लोगों को उपयुक्त भोजन की कमी का सामना करना पड़ता है और लघु-पोषकों की कमी को देखतते हुए यह संख्या खतरनाक रूप से 2.4 बिलियन तक पहुंच जाती है। खाद्य सुरक्षा मुद्दों को मोटेतौर से दो व्यापक श्रेणियों-मात्रा एवं गुणवत्ता में बांटा जा सकता है। इन चुनौतियों में पांच प्रमुख आयाम- भोजन की उपलब्धता, मूल्यों में उतार-चढ़ाव, समावेशी पहुंच, समुचित उपयोग तथा स्थायित्व शामिल हैं। खासकर गरीब देशों में मूल्यों का उतार-चढ़ाव अधिकांश ऐसे लोगों में खाद्य असुरक्षा को गंभीर बना देता है जिनकी पहुंच पोषक खाद्य पदार्थों तक ठीक से सुनिश्चित नहीं होती है। वैश्विक खाद्य असुरक्षा को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने खाद्य सुरक्षा को 2015 में '2030 एजेंडा' के 17 टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शामिल किया था। दूसरी एसडीजी का लक्ष्य 'भूख समाप्त करना, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पोषण में सुधार करना और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन देना' रखा गया है। सहायक लक्ष्यों की एसडीजी 6 में 'सबके लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता तथा टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना' तथा एसडीजी 12 में 'टिकाऊ उपभोग एवं उत्पादन पैटर्न' सुनिश्चित करना शामिल किया गया है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ व्यवहारों पर जोर दिया गया है। दुनिया भर में सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी खाद्य एवं कृषि नीतियों को इन लक्ष्यों के अनुरूप व्यवस्थित करें तथा अपनी जनसंख्या के लिए उपयुक्त मात्रा में पोषक भोजन टिकाऊ आधार पर सुनिश्चित करें।

**दुनिया की राजनीति आज अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। इनमें साइबर धोखाधड़ी, व्यापक भ्रष्टाचार, विभिन्न देशों में फैला आतंकवाद तथा व्यापक विनाश के आयुधों का बेलगाम उपयोग शामिल हैं। पश्चिम एशिया संकट तथा रूस-यूक्रेन के बीच जारी वर्तमान युद्ध इन संकटों के उदाहरण हैं।**

खाद्य असुरक्षा परिवारों तथा सामाजिक स्तर पर लोगों के लिए अनेक समस्यायें पैदा करती है। उदाहरण के लिए परिवार की खाद्य असुरक्षा को समुचित नींद न होने तथा बीमारियों के खिलाफ समुचित प्रतिरोधक क्षमता के अभाव से जोड़ा गया है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ ने टिकाऊ विकास पर 2012 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में सुरक्षित व पोषक खाद्य तक पहुंच के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुन: प्रकट की। इस प्रतिबद्धता को 'फ्यूचर वी वांट' दस्तावेज में समेकित रूप से रखा गया है। इस सम्मेलन में संरा. के तत्कालीन महासचिव बान की मून ने 'ज़ीरो हंगर चैलेंज'-जेडएचसी भी जारी किया था जिसका लक्ष्य दुनिया भर में 2030 तक भूख और कुपोषण को समाप्त करना था। जेडएचसी का एक प्रमुख तत्व 'सभी खाद्य व्यवस्थाओं को टिकाऊ' बनाने का लक्ष्य है। इसमें स्वच्छ जल, टिकाऊ ऊर्जा, जिम्मेदार खाद्य उपभोग व उत्पादन तथा जलवायु कार्रवाई पर जोर दिया है जिसे राष्ट्रीय नीतियों तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग से प्राप्त किया जा सकता है। 1987 की ब्रंडलैंड रिपोर्ट 'अवर कामन फ्यूचर' में टिकाऊ विकास को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि इस 'विकास का अर्थ भावी पीढ़ियों द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में बाधा डाले बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकतायें पूरी करना है।' 1947 में स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा मजबूत करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके लिए भारत में भारतीय कृषि शोध संस्थान के अंतर्गत अनेक संस्थानों की स्थापना की गई है जिनका निर्देशन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के पास है। कृषि संबंधी चुनौतियों को संबोधित करने में जेनेटिक इंजीनियरिंग व बायोटेक्नोलोजी में हो रही प्रगति महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। इससे उपलब्ध खाद्य की गुणवत्ता बढ़ती है तथा विश्व स्तर पर भोजन की उपलब्धता का भी विस्तार होता है। लेकिन जेनेटिक परिवर्तित अवयवों-जीएमओ से पैदा बायोसुरक्षा जोखिमों, समुचित परिवहन, हस्तांतरण तथा इन अवयवों के निस्तारण के बारे में चिन्ता बनी हुई है। विश्व बैंक जैसे वैश्विक संस्थानों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया है।

दुनिया वर्तमान समय में भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विताओं में उलझी है जिसके चलते विभिन्न देश भूख, गरीबी, पर्यावरण क्षरण और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को अनदेखा कर अपने प्रभुत्व पर जोर दे रहे हैं। बायोटेक्नोलोजी के समुचित व प्रभावी प्रयोग से इन चुनौतियों का सामना किया जा सकता है तथा उच्च गुणवत्ता वाले भोजन का उत्पादन सुनिश्चित करने, प्रदूषण घटाने, रोजगार सृजन करने एवं आर्थिक प्रगति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा जा सकता है। इस प्रकार हम अंतरराष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक तनाव घटा सकते हैं तथा शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। शोध एवं विकास में निवेश से भूख, कुपोषण और खाद्य सुरक्षा, खाद्य पदार्थों में मिलावट जैसी समस्याओं का सामना किया जा सकता है। इसके साथ ही बायोटेक्नोलोजी में परिवर्तन से सारी दुनिया की भलाई और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। लेकिन बायोटेक्नोलोजी के बारे में दो बड़ी आशंकायें बनी हुई हैं। पहला, इससे विकसित व विकासशील देशों के बीच खाई और चौड़ी हो सकती है। दूसरा, वैश्वीकरण से स्वदेशी खाद्य उद्योगों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा सकता है। लेकिन इन सरोकारों के बावजूद बायोटेक्नोलोजी के संभावित लाभ बहुत अधिक हैं। इससे वैश्विक खाद्य एवं ऊर्जा व्यवस्थायें बदल सकती हैं तथा गरीब लोगों की सहायता के लिए एक अभियान चलाया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा पहलों को भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विताओं से ऊपर रखा जाना चाहिए तथा इसमें समावेशन को बढ़ावा दे कर साझा जिम्मेदारियों पर जोर देना चाहिए। समावेशी राजनय पर जोर देने वाले भारत के पास इस दिशा में विश्व स्तर पर केन्द्रीय भूमिका निभाने की क्षमता है।



# कार्यस्थल पर विभाजन

> "कार्यस्थल पर ध्रुवीकरण व्यापक सामाजिक विभाजन को दर्शाता है, लेकिन पेशेवर सेटिंग्स के भीतर इसकी अनूठी चुनौतियाँ और अवसर हैं। हालांकि इससे सहयोग, विश्वास और उत्पादकता को खतरा है।"



साक्षी सेठी
(लेखक, शिक्षाविद हैं)

**बढ़ता हुआ** विभाजन टीमवर्क में बाधा डाल सकता है, विश्वास को कम कर सकता है और संगठनात्मक प्रभावशीलता को कम कर सकता है। 21वीं पीढ़ी के आगमन के साथ, लोगों का तीव्र विरोधी समूहों में विभाजन कार्यस्थलों में तेजी से घुसपैठ कर रहा है, जो राजनीति, संस्कृति और मूल्यों में व्यापक सामाजिक विभाजन को दर्शाता है। पेशेवर सेटिंग्स में, इसे अक्सर ध्रुवीकरण के रूप में संदर्भित किया जाता है और यह सहयोग में बाधा डाल सकता है, रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है और संगठनात्मक प्रभावशीलता को कम कर सकता है। कार्यस्थल ध्रुवीकरण को संबोधित करने के लिए सक्रिय नेतृत्व, खुला संचार और साझा लक्ष्यों पर जोर देने की आवश्यकता होती है। ध्रुवीकरण अक्सर विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न होता है जैसे कि अलग-अलग व्यक्तिगत मूल्य जहां कर्मचारी अपनी राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को कार्यस्थल में लाते हैं।

लिंग, जाति और राजनीतिक विचारधाराओं जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विश्वासों में अंतर संघर्षों को जन्म देता है। दूसरी ओर, मीडिया कवरेज, राजनीतिक अभियान या सामाजिक आंदोलन अलग-अलग दृष्टिकोण वाले कर्मचारियों के बीच तनाव को बढ़ाते हैं। टीमों के भीतर खुले संवाद की कमी प्रतिध्वनि कक्षों को बढ़ावा देती है, जहां कर्मचारी केवल समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बातचीत करते हैं, पूर्वाग्रहों और गलतफहमियों को मजबूत करते हैं। साथ ही, पीढ़ियों के बीच कार्यशैली, प्राथमिकताओं और मूल्यों में अंतर घर्षण पैदा कर सकता है। युवा कर्मचारी सामाजिक सक्रियता को प्राथमिकता दे सकते हैं, जबकि पुराने सहकर्मी पारंपरिक कार्यस्थल मानदंडों को महत्व दे सकते हैं। संगठनात्मक स्वास्थ्य और कर्मचारी कल्याण पर इस तरह के ध्रुवीकरण का प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है। यह टीमवर्क को बाधित कर सकता है, क्योंकि कर्मचारी विपरीत विचार रखने वालों के साथ सहयोग करने के लिए कम इच्छुक होंगे जो नवाचार और उत्पादकता को बाधित करेगा। व्यक्तिगत या राजनीतिक मुद्दों पर असहमति भी सहकर्मियों के बीच अविश्वास का कारण बन सकती है, जिससे विषाक्त कार्य वातावरण बन सकता है। कर्मचारी जो अपने विश्वासों के कारण अलग-थलग या हाशिए पर महसूस करते हैं, वे कहीं और अवसर तलाश सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिभा का नुकसान होता है। ध्रुवीकरण में निहित कार्यस्थल संघर्ष तनाव, बर्नआउट और नौकरी की संतुष्टि में कमी ला सकते हैं। सम्मानजनक बातचीत को प्रोत्साहित करके जो कर्मचारियों को निर्णय के डर के बिना अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने की अनुमति देता है; संरचित पहलों को लागू करके, जैसे कि सुगम चर्चा या संघर्ष समाधान कार्यशालाएँ; कर्मचारियों को एकजुट करने वाले संगठनात्मक उद्देश्यों पर जोर देकर और साझा मूल्यों या टीम मिशनों जैसे सामान्य आधार को उजागर करके, कुछ उपाय हो सकते हैं जो विभाजनकारी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने को कम कर सकते हैं और विभाजन को पाटने में मदद कर सकते हैं। कार्यस्थल पर बातचीत के लिए माहौल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका नेता की होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि समावेशी नेता सम्मानजनक व्यवहार का उदाहरण पेश करते हैं, विभिन्न दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करते हैं और संघर्षों में प्रभावी ढंग से मध्यस्थता करते हैं। कार्यस्थल पर स्वीकार्य व्यवहार की रूपरेखा तैयार करने वाले दिशा-निर्देश विकसित करना, विशेष रूप से संवेदनशील विषयों पर चर्चा के संबंध में; अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए आपसी सम्मान को बढ़ावा देने वाली नीतियां बनाना या टीम-निर्माण अभ्यास, मेंटरशिप प्रोग्राम या क्रॉस-डिपार्टमेंट प्रोजेक्ट जैसी पहल करना अलग-अलग दृष्टिकोण वाले कर्मचारियों के बीच अलगाव को कम करने और संबंधों को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। निस्संदेह एक संगठन की संस्कृति ध्रुवीकरण को कैसे प्रकट करती है और कैसे संबोधित की जाती है, इस पर महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डालती है। एक संस्कृति जो सम्मान, समावेशिता और खुले विचारों को महत्व देती है, वह ध्रुवीकरण के प्रभावों को कम कर सकती है।

इसके विपरीत, एक संस्कृति जो पक्षपात या भेदभाव को सहन करती है, वह विभाजन को बढ़ा सकती है। नेताओं को एक ऐसी संस्कृति विकसित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जहाँ कर्मचारी अपने विश्वासों या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना मूल्यवान महसूस करें और उनकी बात सुनी जाए। कार्यस्थल पर ध्रुवीकरण व्यापक सामाजिक विभाजन को दर्शाता है, लेकिन पेशेवर सेटिंग्स के भीतर इसकी अनूठी चुनौतियाँ और अवसर हैं। हालांकि इससे सहयोग, विश्वास और उत्पादकता को खतरा है, लेकिन अगर इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाए तो यह विकास को भी गति दे सकता है। सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देकर, खुले संवाद को बढ़ावा देकर और साझा लक्ष्यों पर जोर देकर, संगठन ध्रुवीकरण को दूर कर सकते हैं और ऐसे वातावरण बना सकते हैं जहाँ विविध दृष्टिकोण पनपते हैं।



## आप की बात

### जाकिर हुसैन का जाना

**देश के** महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। महज ग्यारह बरस की उम्र में उन्होंने तबले से नाता जोड़ा और ता-उम्र उसी को मित्र बनाकर देश-दुनिया में भारतीय संगीत को तबले की थाप से प्रसिद्धि दिलवाई। इनके पिता प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्लाह रक्खा खान से इन्हें तबले में रुचि हुई और तबले में ऐसी महारत हासिल हुई की तबले की बदौलत इन्हें संगीत जगत के मशहूर ग्रैमी अवार्ड को चार बार अपने नाम किया। देश -विदेश में कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त करने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री 2002 में पद्मभूषण और 2023में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर ने इनकी प्रतिभा को पहचानकर इन्हें सबसे पहले उस्ताद कहा था, जो इनके नाम के साथ हमेशा के लिए जुड़ गया। बहुत छोटी उम्र में आपने अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया , उसके बाद तो देश-विदेश में जहां भी जाते लोग उनकी तबले पर चलती उंगलियों के संयोजन से मंत्रमुग्ध होकर उनके प्रशंसक हो जाते। यहां तक कि 2016 में अमेरिका के तात्कालिक राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें आर्ल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया। वे पहले भारतीय थे जिन्हें निमंत्रित किया गया। जाकिर ने 1998में संगीत प्रधान फिल्म में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

-**संजय डागा**, इन्दौर

### राजा भैया का उद्बोधन

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा में राजा भैया का उद्बोधन सदन में उपस्थित सभी सनातनी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा है । सदन में जितने भी सनातनी जनप्रतिनिधि बैठे हैं उनमे से किसी एक को भी संभल विवादित स्थल के सर्वे से आपत्ति नहीं होनी चाहिए क्यूंकि हम सबके लिए सर्वप्रथम सनातन धर्म है। सदन में यह बात पूरी स्पष्टता और शक्ति के साथ कहना वो भी भाजपा नहीं अपितु जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया द्वारा कहना अभिनंदनीय है राजा भैया ने पत्थरबाजों से लेकर बहराइच में रामगोपाल मिश्रा की निर्मम हत्या करने वालों तक पर प्रश्न किए, उन अधिकारियों के प्रति अपनी चिंता और संवेदना भी व्यक्त की जिन पर सम्भल सर्वे के दौरान मजहबी उपद्रवियों ने पथराव और गोलीबारी की थी। निसंदेह राजनीतिक तुष्टिकरण इतना भी अँधा नहीं होना चाहिए कि सत्य दिखना ही बंद हो जाए। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष उन्हें हिन्दू नरसंघार, खंडित सनातनी मंदिरों और इस्लामिक क्रूरता के प्रति मुखर होना चाहिए जब इस्लामिक जनप्रतिनिधि बेशर्म होकर जिहादी कटटरपंथियो के समर्थन में खड़े हो जाते हैं तो सनातन धर्म में जन्म लेने वाले जनप्रतिनिधि किसी राजनीतिक दल की मुस्लिम तुष्टिकरण के विचारों की बेड़ियों से बाधित क्यों होते हैं । इन बेड़ियों को तोड़कर सनातन धर्म और अपने अग्रिम वंश की सुरक्षा हेतु मुखर होइए, प्रखर होइए, प्रतिकार कीजिए, पुरुषार्थ कीजिए।

- **दिव्य अग्रवाल**

### संविधान पर तर्क-वितर्क

**संसद हो** या संसद के बाहर देश के संविधान में संशोधनों को लेकर दोनों-पक्षों (सत्ता-विपक्ष) में लम्बे समय से वाकयुद्ध चल रहा है। कोई इसे पूर्व में परिवार के हित में किये गए संशोधनों की उपमा दे रहा है तो कोई राष्ट्रहित में किये गए संशोधनों की अपनी पुख्ता बात पर अड़ा हुआ है। वैसे संविधान में संशोधन राष्ट्रहितों के मद्देनजर ही होने चाहिए न कि राजनीतिक/व्यक्तिगत/पार्टी हित में होने चाहिए। अगर पूर्व में ऐसा कुछ हुआ है तो वह ठीक नहीं है। संसद में दोनों पक्ष मिलकर ही देश चलाते हैं न कि केवल सत्ता या सिर्फ विपक्ष। कुछ भूलें हुई हैं तो संविधान में राष्ट्रहित में दोनों को मिलकर तर्क-वितर्क करके विद्वता पूर्वक संशोधन की पहल करनी चाहिए न कि उस पर सबको मिलकर कुतर्क रूपी बहस में संसद का कीमती समय और जनधन बर्बाद करना चाहिए। ये राष्ट्रहित में किये जाने वाले संविधान में संशोधनों पर बहस का विषय है न कि लीक से हटकर राजनीतिक/पारिवारिक हित/अहित पर बेवजह की बहस करने में समय बर्बाद करने का वक्त है। यूं तो सत्ता पक्ष भी वाक्-पटुता में कम नहीं पर विपक्ष भी हम देख रहे हैं 2014 से कभी संसद में हंगामा कभी वॉकऑउट और कभी अति-आलोचना ही करता रहा है। जिससे जनहित व राष्ट्रहित के मुद्दे हंगामों की भेंट चढ़ रहे है। उसे भी अपनी वाणी में परिपक्वता लाते हुए समझदारी से काम लेना चाहिए।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विश्वसनीयता स्वीकारते नेता

**ईवीएम** मशीन की विश्वसनीयता को लेकर कांग्रेस चाहे जो कुछ कहे लेकिन जब विपक्षी नेता भी इस कटु सत्य को हलक नीचे उतार लें तो फिर सत्ता पक्ष पर आरोप लगाकर उंगली उठाने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। बकौल कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह, आपको संसद के सौ से अधिक सदस्य एक ही ईवीएम का उपयोग करके मिले हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं तो आप कुछ महीनों के बाद में यह नहीं कह सकते हैं कि हमें ये ईवीएम पसंद नहीं हैं, क्योंकि अब चुनाव नतीजे वैसे नहीं हैं, जैसे हम चाहते हैं। यह वक्तव्य दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए काफी है। कोर्ट से लेकर विशेषज्ञ तक सभी ईवीएम को सेट करने के आरोपों को सिरे से नकार चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस को भी इस मामले को विराम देना चाहिए जिससे सदन और देश का बहुमूल्य समय जाया होने से बचाया जा सके। क्या कांग्रेस इस हलाहल को गले उतारने की हिम्मत जुटा पाएगी? ईवीएम को लेकर भारत में कोई भी ऐसा मामला नहीं आया है जो इसकी निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाता हो।

-**अमृतलाल मारू रवि**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आदिम जाति विभाग बैगा जनजाति बच्चों की शिक्षा के लिए गंभीर नहीं

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय कबीरधाम के बोड़ला और पंडरिया विकासखंड में निवास करते है । बैगा जनजाति समुदाय के लोग एक गांव में निवास नहीं करते बल्कि पारा,मोहल्ला , माजरा ,टोला में रहते है । जिनके बच्चो को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से सरकार ने आवासीय विद्यालय खोला है । पंडरिया विकासखंड के पोलमी और बोडला विकासखण्ड के चौरा (जेवडन) में विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यालय संचालित है। जहां पर बालक और बालिकाओं के लिए सौ - सौ मतलब चार सौ बच्चे आवासीय शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं । जहां पर उन्हें शिक्षा देने के लिए शिक्षक ही नहीं है। शिक्षक की कमी की पूर्ति करने के लिए 12.09.2024 के पत्र आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए जिला अंतर्गत संचालित विशेष पिछडी जनजातीय आवासीय विद्यालय पोलमी एवं चौरा के लिए अतिथि शिक्षकों (पीजीटी / टीजीटी) की पूर्ति हेतु दि. 25.09.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसका प्रकिया आज तक पूर्ण नहीं हो पाया। इससे साबित होता है अधिकारी बैगा आदिवासियों के प्रति गंभीर नहीं है।

### जनजाति समुदाय के बच्चों के शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं

कबीरधाम जिला में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय पोलमी और चौरा में है, जहां पर विकासखंड के बैगा समुदाय के छात्र छात्राओं के द्वारा आवासीय शिक्षा ग्रहण करते है। शिक्षा सत्र जून से लेकर अप्रैल तक होता हैं। विद्यालय में प्रतिमाह मूल्यांकन परीक्षा, तीन माह में त्रैमासिक, छः माह में अर्धवार्षिक और अंतिम में वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसकी जानकारी सभी को रहता हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना शासन की मंशा में है। जिसके लिए हर संभव प्रयास और बजट जारी किया जाता हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी छह माह बीत जाने के बावजूद शिक्षक व्यवस्था करने में रुचि नहीं दिखा रहे है।

### छः माह बीत जाने के बावजूद नहीं कर पाए शिक्षक भर्ती

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बैगा जनजाति समुदाय के बच्चों के शिक्षा में कबीरधाम जिला प्रशासन और जिम्मेदार विभाग सक्षम नजर नहीं आ रहे है। दिनांक 12.09.2024 के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए जिला अंतर्गत संचालित विशेष पिछडी जनजातीय आवासीय विद्यालय पोलमी एवं चौरा के लिए अतिथि शिक्षकों (पीजीटी / टीजीटी) की पूर्ति हेतु दि.25.09.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण करने में विभाग दो माह से अधिक का समय निकाल दिया फिर 10 दिसंबर को पत्र जारी करते हुए 17 दिसंबर तक दावा आपत्ति मंगाया गया। जबकि अब तक पूर्ण सूची जारी कर देना था। अब दावा आपत्ति का निराकरण करने के बाद प्रवीण्य सूची तैयार किया जाएगा फिर साक्षात्कार होगा। फिर अंतिम सूची का प्रकाशन कर शिक्षक भर्ती किया जाएगा । जिस प्रकार से लेट लतीफी किया जा रहा है।

### विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली से पालक चिंतित

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों का संपूर्ण विकास के लिए देश के प्रधानमंत्री ने जनमन योजना संचालित किया है। शासन के अधिकारी - कर्मचारियों के द्वारा बच्चों के लिए अब तक शिक्षक व्यवस्था नहीं कर पाए। जिसको लेकर पालक चिंतित है, आखिर हमारे बच्चों की शिक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है।

### मार्च में होगी बोर्ड परीक्षा

दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा मार्च में होना है। जिसके लिए मध्यमिक शिक्षा मंडल समय सारणी जारी भी कर दिया है । माह अप्रैल में स्थानीय कक्षाओं का भी परीक्षा सम्पन्न कर परिणाम भी घोषित कर सत्र का समापन भी हो जाता हैं। अभी शिक्षक भर्ती नहीं हो पाया है, तो उन बच्चों का परीक्षा परिणाम कैसा आएगा ये सोचनीय है।

# पहल सामाजिक संस्था द्वारा किया गया लावातरा में इस वर्ष का तीसरा कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पहल सामाजिक संस्था का पड़ाव पावन ग्राम - लावातरा में इस वर्ष का तीसरा और पिछले आठ वर्षों में कुल इक्कीसवां गाँव रहा,जहाँ बुजुर्गों एवं जरूरतमंदो को कंबल भेंट कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया गया। लावातरा में 32 बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इस पुनीत कार्य को समिति के सभी सदस्य अपनी मेहनत की कमाई का कुछ अंश स्वतः देकर करते आ रहें हैं। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों के साथ ग्राम लावातरा के जय माँ शारदा सेवा झांकी मंडली के सदस्यों ने पूरा सहयोग प्रदान किया, जिससे यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा। इस कार्यक्रम में कमलेश वर्मा, संजय निषाद, राजेन्द्र वर्मा, खिवराज धीवर, दिलीप टिकरिहा, शुभम साहू, मनिदास मानिकपुरी, दीपक निषाद, नारायण वर्मा, कमलेश्वर देशलहरे, चंद्रहास वर्मा, देवलाल सिन्हा, चेतन साहू, प्रमोद परगनिहा, ललित वर्मा, गुनेन्द्र साहू, पं सत्यनारायण तिवारी, सरपंच गीता वर्मा, रामसिंह वर्मा, परमेस्वर निषाद, नकुल निषाद, चुम्मन निर्मलकर, आशीष परगनिहा, राजेश साहू, दीपांशु टिकरिहा,अरमान धीवर, धरम धीवर आदि उपस्थित थे। अंत में जय माँ शारदा सेवा झांकी मंडली के संतों ने पहल संस्था के सदस्यों को सात्विक भोजन खिलाकर सबको भावविभोर कर दिया।

# स्कूल में अग्निवीर बने अपने शिष्य का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के पूरे स्टॉफ ने अग्निवीर में मीडियम रेजिमेंट के लिए चयनित हुए अपने शिष्य दुवेन्द्र वर्मा का तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल एवं पेन प्रदान कर स्वागत एवं सन्मान किया। दुवेन्द्र वर्मा समीप के ग्राम मुढ़िया निवासी हीरालाल वर्मा एवं चित्ररेखा वर्मा के छोटे सुपुत्र हैं। दुवेन्द्र ने छठवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई रानो स्कूल से ही की है। दुवेन्द्र शुरू से ही होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहा है। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि उनकी संस्था से पढ़े हुए बच्चों में से दुवेन्द्र प्रथम है जिसका चयन भारत माता की सेवा करने के लिए हुआ है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य सरोज कुमार यदु, अवध राम वर्मा, कनकलता सरसुधे एवं उपस्थित रहे। सभी ने दुवेन्द्र का स्वागत एवं सम्मान किया तथा अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने के लिए कहते हुए दुवेन्द्र को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि दुवेन्द्र की नियुक्ति अरुणाचल प्रदेश के लिए हुई है तथा वो बीस दिसंबर को वहाँ के लिए रवाना होंगे। दुवेन्द्र को अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हुए अपने कर्तव्य को करने की बात कही।

# सहकारी समिति उतई में जनादेश परब मनाया गया

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



सहकारी समिति उतई में जनादेश परब मनाया गया। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने किसानों का नारियल एवं किसान गमछा तिलक लगाकार सम्मान किया। भाजपा सरकार किसानों का एक एक दाना धान खरीदेगा।और 21 क्यूंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीद रहें। कांग्रेस वालों के पास काम नही इस कारण धान खरीदी में जाकर किसानों को भड़काने का काम कर रहें। कांग्रेस सरकार ने ही पिछले वर्ष राइस मिलरों का पैसा नहीं दिया इस कारण इस बार राइस मिलरों के द्वारा धान नही उठाया जा रहा हैं। इस ओर भाजपा सरकार के सहयोग से ही सभी खरीदी केंद्रों में जल्द से जल्द धान का उठाव किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिकारी,प्रबंधक गिरधर सोनी, रूपनारायण शर्मा, लुमेश्वर चंद्राकर, पुरेंद्र वर्मा, सोनू राजपूत, सतीश, चंद्राकर, नरेंद्र साहू, टिकेश्वरी साहू, रेखा वर्मा, टूमन चंद्राकर, राजू साहू, अखिलेश चंद्राकर, दुष्यंत सपहा, संतोष कौशिक, करन देशमुख, मंशा भारती, करण सेन, माधो साहू, चेतन सिन्हा, प्रमोद कंकड़े, शुभम वर्मा, कन्हैया चंद्राकर, शंकर राव, हरीश यादव, दानेश्वरी देशमुख, लता सोनवानी, नवल गायकवाड़, परस वर्मा सहित समिति के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# निर्वाचन नामावली में छेड़छाड़, एसडीएम व जनपद पंचायत सीईओ नवागढ़ में शिकायत

## मतदाताओं के हक को छीनने, पंचायत सचिव की मनमानी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



### तीन बिंदु पर कार्यवाही की मांग

निर्वाचन नामावली में छेड़छाड़ को लेकर सचिव के खिलाफ नवागढ़ एसडीएम एवं जनपद पंचायत नवागढ़ में हुए शिकायत में तीन बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की गई है जिसमे पंचायत सचिव संतोष राजपूत के इस कृत्य की गहन जांच कराई जाए। उनके विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके पद से बर्खास्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसा कोई कृत्य न हो।

आगामी होने वाले नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर निर्वाचन नामावली तैयार की जा रही है जिसके लिए शहर सहित ग्राम पंचायत में निर्वाचन सूची में नाम संशोधन एवं नया जोड़ने तथा वार्डो का मतदाता सूचित तैयार करने अधिकारी नियुक्त किया गया है जो क्षेत्र के मतदाताओं से उनके स्वेच्छा अनुरूप निर्वाचन सूची में अपना नाम फिर बदल कर सकते हैं। किंतु नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अतरगंवा में अजीबोगरीब खेल चल रहा है। जिसकी शिकायत मतदाताओं ने नवागढ़ एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को लिखित में करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्राम पंचायत अतरगंवा के मतदाताओं ने आवेदन के माध्यम से ग्राम पंचायत में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है कि उनके द्वारा बिना मतदाताओं के पर अनुमति के मतदाता सूची में उनके नाम के साथ हेर फेर किया गया है और मौजूदा वार्ड से नाम काटकर अन्य वार्ड में जोड़ दिया गया है जिसकी शिकायत पूर्व में भी जनपद पंचायत नवागढ़ में किया गया था किंतु उसे पर किसी भी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं हुआ अधिकारी के द्वारा दवा आपत्ति करने समझाइए दिया गया था जिस पर सभी प्रभावित मतदाताओं के द्वारा दवा आपत्ति लगाया गया था और पूर्ववर्ती की तरह उसी वार्ड में नाम को वापस रखना निवेदन किया था। किंतु पंचायत सचिव संतोष राजपूत इतने मनमानी करने में उतर आए हैं कि दवा आपत्ति के बाद भी उनके दावा आपत्ति आवेदन में ही छेड़छाड़ कर दिया है जो की मतदाताओं को संवैधानिक रूप से प्राप्त लोकतांत्रिक अधिकार का हनन है। शिकायत में आगे उल्लेख करते हुए लिखा है कि शिकायतकर्ताओं के द्वारा निर्वाचन नामावली में दावा / आपत्ति प्रस्तुत किया था, लेकिन पंचायत सचिव संतोष राजपूत ने बिना हमारी अनुमति के उनके दावे पर छेड़छाड़ की है। यह कृत्य न केवल अनैतिक है बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को भी प्रभावित करता है। यह अत्यंत गंभीर विषय है क्योंकि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति लोगों के विश्वास को हानि पहुंचाता है। पंचायत सचिव जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति से इस प्रकार का आचरण अस्वीकार्य है। इससे सरकार की छवि एवं जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं? आखिर ऐसे लापरवाह सचिवों के ऊपर किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं होना जनपद पंचायत नवागढ़ की भ्रष्ट कार्यशैली को उजागर करने की ओर इशारा करता है। शिकायतकर्ता बताते हैं कि पंचायत सचिव संतोष राजपूत के द्वारा जब से पद ग्रहण किया तब से लगातार ग्रामीणों की शांति व्यवस्था खत्म हो रही साथ ही विवाद की स्थिति को निर्मित कर दिया है। जिसको लेकर सचिव को तत्काल पद से बर्खास्त करने की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। वही न्याय नहीं मिलने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की भी चेतावनी दी है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन वह निर्वाचन आयोग की होगी।

# ग्राम पंचायत पतोरा में तनुजा साहू बनी कार्यवाहक सरपंच



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत पतोरा में कार्यवाहक सरपंच का चुनाव गहमा गहमी के बीच संपन्न हुआ। जिसमें तनुजा साहू कार्यवाहक सरपंच निर्वाचित हुई। विदित हो कि पतोरा सरपंच अंजीता साहू को एसडीएम ने निर्माण कार्यों में अनियमितता बरतने के कारण धारा 40 के तहत पद से हटा दिया है। फलस्वरूप कार्यवाहक सरपंच के चुनाव की स्थिति निर्मित हुई है। कार्यवाहक सरपंच के लिए भारतीय जनता पार्टी के बूथ प्रभारी पूरन साहू की प ी वार्ड 14 की पंच आरती साहू द्वारा शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व उपसरपंच तथा वर्तमान पंच टीकाराम देवांगन के प्रस्ताव में एवं समर्थक बूथ प्रभारी, पंच राजीव साहू के समर्थन में अपना नामांकन दाखिल किया। वही दूसरे प्रत्याशी के रूप में वार्ड क्रमांक 4 की पंच तनुजा साहू के प्रस्तावक के रूप में वार्ड क्रमांक 1 के पंच गोपेश साहु एवं समर्थक वार्ड क्रमांक 17 की पंच इंदु देशलहरे के समर्थन से नामांकन दाखिल किया। कार्यवाहक सरपंच पद के चुनाव में 18 पंचों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें आरती पूरन साहू को 04 मत एव तनुजा साहू को 14 मत मिले। तनुजा साहू 10 मतों से विजयी रही। सरपंच चुने जाने के बाद पंचों ने तनुजा साहू का फूल माला और गुलाल लगाकर स्वागत किया। निर्वाचन के बाद पंच गोपेश साहू ने कहा कि गांव के विघ्न संतोषी लोग जो सरपंच, उपसरपंच एवं सामाजिक चुनाव में लगातार हार झेल रहे है इन लोगों के द्वारा गांव और ग्राम पंचायत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे है। इन लोगों के द्वारा गांव में घूमकर ये बता रहे है कि रॉयल्टी का पैसे पर हमने रोक लगा दी है। दुर्ग जिले के सभी गांव का रॉयल्टी का पैसा आ गया है, सिर्फ पतोरा को छोड़कर ये लोग विकास करने वाले नही विनाश करने वाले है।

### महिलाओं के लिए वार्ड का आरक्षण 19 दिसम्बर को

**दल्लीराजहरा ।** कार्यालय कलेक्टर (नगरीय निकाय) जिला बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में एतद द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा वार्डों का आरक्षण प्रवर्गवार तथा महिला प्रवर्गवार स्थान कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष , 19 दिसम्बर समय सुबह 11:00 बजे से वर्णित कार्यवाही के समय सर्व साधारण आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय विभाग के कर्मचारीगण हड़ताल में

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय विभाग के कर्मचारीगण सोमवार को भी हड़ताल में रहे। छत्तीसगढ़ अधिकारी/ कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रदेश स्तर पर नवा रायपुर तूता में अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान विधानसभा घेराव किया जाना है। इसी क्रम में नगर पालिका दल्लीराजहरा के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय का गेट बंद कर हड़ताल किया जा रहा है जिसमें जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द राम साहू, स्थानीय निकाय के अध्यक्ष विपिन बेहरा, घनश्याम शर्मा, इन्द्र यादव, बुद्धिमान सिंह, मनोज साहू, राजेन्द्र साहू, अब्दुल कलीम, सुनील ताराम, सुशील टंडन, धरमु बख्शी, निर्भय नारेटी, चित्त कुमार कुर्रे, परदेशी देवांगन, दशरथ कौशिक, दुलार बंजारे, के. पी. सिंह, पंकज चंद्राकर, नारायण सिंह, एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बोहरा ने विधानसभा में पंडरिया के कुई में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क स्थापना जल्द करने सदन में उठाया मुददा

## राशन कार्ड नवीनीकरण, नगरीय निकाय क्षेत्रों में रिक्त पदों पर भर्ती एवं उचित मूल्य दुकानों के संचालन के संबंध में भी पूछा प्रश्न

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जा रहा है। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भी भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना को लेकर प्रश्न उठाया इसके साथ ही नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर अस्थाई व्यवस्था, राशन कार्ड के नवीनीकरण एवं संलग्नीकरण किये गए एवं नवीन उचित मूल्य की दुकानों के संबंध में भी प्रश्न किया। भावना बोहरा ने पूछा की पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई, विकासखंड पंडरिया में कुल रकबा 11498 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चयन किया गया था एवं भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही न्यायालय नायब तहसीलदार, कबीरधाम के समक्ष प्रक्रियाधीन थी? क्या इसका निवारण किया जा चुका है? यदि नहीं तो कब तक किया जावेगा तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अमूमन कितने समय में औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना की जावेगी? जिसके प्रतिउत्तर में विभागीय मंत्री लखनलाल देवांगन जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई, तहसील पंडरिया में कुल रकबा 11.498 हेक्टेयर शासकीय भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है जिसे कलेक्टर, जिला-कबीरधाम द्वारा भूमि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित की गई है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरांत जल्द ही फूडपार्क की स्थापना की जा सकेगी। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका परिषद् पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई एवं नगर पंचायत इंदौरी में कौन-कौन से पद रिक्त हैं, उनमे भर्ती कब तक की जाएगी एवं रिक्त पदों पर अस्थाई की गई है तो उसके संबंध में जानकारी के संबंध में प्रश्न पूछा ! जिसके उत्तर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि नगर पालिका परिषद् पंडरिया में उप अभियंता, लेखापाल, सहायक वर्ग 02, राजस्व उप निरीक्षक के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03 के 2 पद रिक्त हैं। नगर पंचायत पांडातराई में उप अभियंता एवं लेखापाल के 1-1 पद तथा नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता, लेखापाल, राजस्व उप निरीक्षक एवं सफाई दरोगा के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं भृत्य के 2-2 पद रिक्त हैं जिसमें भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। नगर पालिका परिषद् पंडरिया में उप अभियंता के अस्थाई व्यवस्था हेतु डी. आर. साहू उप अभियंता, नगर पंचायत बोड़ला को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जानकारी दी की नगर पालिका पंडरिया में लेखापाल के अस्थाई व्यवस्था हेतु अजय पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर पंचायत पांडातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पालिका परिषद् पंडरिया में सहायक ग्रेड़-03 के अस्थाई व्यवस्था हेतु भूपेन्द्र मानिकपुरी, सहायक ग्रेड़-03, नगर पंचायत पांडातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत पांडातराई में उप अभियंता के अस्थायी व्यवस्था हेतु पी.एल. इन्दौरिया, उप अभियंता, नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता का पद रिक्त है, अस्थाई व्यवस्था हेतु संजय मोटवानी, उप अभियंता, नगर पंचायत देवकर को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत इंदौरी में लेखापाल का पद रिक्त है अस्थाई व्यवस्था हेतु राजेश चन्द्रवंशी, लेखापाल नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भावना बोहरा ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संबंध में प्रश्न भी उठाया कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के मध्य संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में से किन-किन दुकानों का संलग्नीकरण कर, कब से संचालित किया जा रहा है? क्या उक्त संलग्नीकरण किए गए दुकानों के पुनः आबंटन के संबंध में निविदा की प्रक्रिया अपनाई गई? यदि हां तो अब तक किन-किन दुकानों के संबंध में निविदा बुलाई गई तथा कितने आवेदन प्राप्त हुए? साथ ही संलग्नीकरण किए गए तथा वर्तमान में संचालित हो रहे उचित मूल्य की दुकानों का विवरण भी उन्होंने माँगा ! इसके प्रतिउत्तर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने जानकारी दी की वर्ष 2022-23 में कुल 6, वर्ष 2023-24 में 5 एवं 2024-25 में कुल 3 उचित मूल्य की दुकानों में संलग्नीकरण किये गए तथा नवीन आबंटित उचित मूल्य की दुकानें संचालित है जिसमें कुछ दुकानों के लिए पुनः नवीन आबंटन हेतु विज्ञापन दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी की वर्तमान में पंडरिया विधानसभा में कुल 246 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं। भावना बोहरा ने राशन कार्ड नवीनीकरण के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा की पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने नवीन राशन कार्ड बनाए गए हैं? नवीन राशन कार्ड बनाने हेतु कितने आवेदन वर्तमान स्थिति में लंबित हैं? तथा पुराने राशन कार्ड के नवीनीकरण आदेश पश्चात कबीरधाम जिले में कुल कितने पुराने राशन कार्डों का नवीनीकरण किया गया है एवं कितने राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाना शेष है? जिसके प्रतिउत्तर में खाद्य मंत्री जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत 01 जनवरी 2024 से 30 नवंबर 2024 तक कुल 6815 नवीन राशनकार्ड बनाए गए हैं। वर्तमान में नवीन राशनकार्ड बनाए जाने हेतु 408 आवेदन लंबित हैं। कबीरधाम जिले में कुल 266494 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया गया है एवं 10257 राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु शेष हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार जनता द्वारा प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु विधानसभा में सक्रियता से जनहित के मुद्दों व क्षेत्र के विकास के संबंध में विषयों को उठाया जा रहा है। भावना बोहरा ने कहा कि औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना से हमारे पंडरिया विधानसभा में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा इसके साथ ही कई लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। हमारा हमेशा यही प्रयास रहा है की हम जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करें और क्षेत्र में विकास व व्यासायिक गतिविधियों को बढ़ावा दें ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके और हमारा क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

# शिविर में 12 विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो छात्रों का किया गया उपचार

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में रामानुजनगर के विद्यालयों में छात्रों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। विकासखंड के दूरस्थ कुमेंली जलप्रपात के समीप विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो बस्ती परशुरामपुर में संचालित प्राथमिक शाला बंडा भैंसा में 62 छात्र है इस विद्यालय में विशेष पिछड़ी जनजाति के 50 पंडो छात्र दर्ज हैं। शिक्षा विभाग के प्रयास से आज विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर छात्रों का चेकअप किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर के डॉक्टर सुभाष पटेल, डॉ प्रियंका टोप्पो स्वास्थ्य कार्यकर्ता दीपा सिंह एवं पूजा देवांगन ने सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया चार छात्र ईईआई एवं आठ छात्र मौसमी सर्दी खांसी बुखार की से ग्रस्त पाए गए जिनका उपचार कर दवा वितरण किया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने छात्रों को ठंड के मौसम से बचने के उपाय भी बताएं। साथ ही अधिकारियों ने सभी छात्रों को कॉपी पेन प्रदाय किया। शिविर में उपस्थित सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, बीआरसीसी मनोज कुमार जायसवाल, संकुल प्राचार्य चंद्रविजय सिंह तथा सीएसी निरंजन सिंह ने सभी छात्रों को अपने खर्चे से काफी और पेन प्रदाय किया तथा छात्रों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं मन लगाकर के पढ़ने की समझाइए दिए।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए 55.58 करोड़ रुपए

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं के निर्बाध और सुचारू संचालन के लिए 55 करोड़ 58 लाख रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण ने नगरीय निकायों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के संचालन के लिए सभी जिलों में गठित जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटीज को आज कुल 55 करोड़ 58 लाख रुपए जारी किए हैं। इनमें दिसम्बर-2024 तक की सेवाओं के भुगतान के साथ ही आगामी मार्च-2025 तक का अग्रिम भुगतान शामिल है। इससे मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शहरी लोगों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शहरी क्षेत्रों में, विशेषकर स्लम बस्तियों में रहने वाले परिवारों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उनके मुहल्ले तक पहुंचाने तथा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के मार्च-2025 तक सुचारू और निर्बाध संचालन के लिए बड़ी राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में पिछले एक साल में 40 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर 27 लाख से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया है। साथ ही 24 लाख से अधिक मरीजों को मुफ्त दवाईयां और 8 लाख मरीजों को निःशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा प्रदान की गई है।

## दाई-दीदी क्लिनिक्स में एक साल में 1.75 लाख से अधिक महिलाओं का उपचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिक योजना में पिछले एक वर्ष में एक लाख 75 हजार से अधिक महिलाओं का इलाज किया गया है। योजना के तहत नगरीय निकायों में महिला डॉक्टरों, महिला फार्मासिस्ट्स, महिला लैब टेक्नीशियन्स, एएनएम और महिला चालकों की टीम द्वारा एक वर्ष में 2995 शिविर आयोजित किए गए हैं। दाई दीदी क्लिनिक्स में पौने दो लाख महिलाओं के उपचार के साथ ही एक लाख 62 हजार से ज्यादा महिलाओं को निःशुल्क दवाईयां और 49 हजार से अधिक महिलाओं को मुफ्त लैब टेस्ट का लाभ मिला है। योजना के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल प्राथमिकता से की जा रही है।

# नगर सेना कैंप बिलासपुर में प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देशानुसार आयुष मंत्रालय भारत सरकार के प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत नगर सेना कैंप बिलासपुर में प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक कॉलेज बिलासपुर के चिकित्साधिकारी डॉ सी एस ओंटेन, डॉ प्रशांत निषाद, डॉ निधि मरकाम एवं उनकी 15 सदस्यीय टीम के द्वारा प्रकृति परीक्षण क्या है, क्यों आवश्यक है एवं आवश्यक उपाय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान नगर सेना बिलासपुर के महिला और पुरुष जवान एवं संभागीय सेनानी बिलासपुर तथा परसदा बिलासपुर के एसडीआरएफ के 80 जवानों ने भाग लिया तथा प्रकृति परीक्षण ऐप में पंजीयन कर डिजिटल प्रकृति प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इस दौरान नगर सेना विभाग के डी आई जी एस. के. ठाकुर एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दीपांकुर नाथ, चंद्रभान ठाकुर, रवि शर्मा, योगेश सेन, मनोहर ध्रुव, प्रमोद राय उपस्थित थे।

# शिक्षक संगवारी ग्रुप ने किया नवोदय अभ्यास परीक्षा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com



शा.प्राथमिक शाला उच्च प्राथमिक शाला लखनपुर में शिक्षक संगवारी ग्रुप महासमुन्द द्वारा नवोदय अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुन्द जिले के साथ साथ गरियाबंद, बलौदाबाजार, रायपुर जिले विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमे करीब 870 बच्चो ने पंजीयन कराया था। यह आयोजन शिक्षा विभाग महासमुन्द सभी अधिकारियो के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम विकासखण्ड स्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा द्वारा बच्चो को नवोदय विद्यालय की तैयारी एवं उनकी पढ़ाई के महत्व को बताया गया कि हम किस प्रकार नवोदय की तैयारी करे जिससे हमारा चयन नवोदय विद्यालय के लिए हो और सभी को शुभकामनाये प्रेषित किया। शिक्षक नारायण देवांगन द्वारा बच्चो को नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया गया कि किस प्रकार हम गणित के प्रश्नों को हल करे एवं हम नवोदय की तैयारी के लिए पढ़ाई करें। जिससे कि हमारा चयन हो उन्होंने अपने विगत पांच सात सालो के अनुभवों को बच्चो को बताया कि दिनों दिन प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है और इससे हमें आगे आना है। शिक्षक लुकेश ध्रुव द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष और इस वर्ष का नवोदय के सिलेबस में परिवर्तन किया गया है, जिससे अभ्यास परीक्षा के माध्यम से बच्चो को तैयारी का ओएमआर शीट के माध्यम से भरना सीखाना एवं आंकलन करना है। जिससे बच्चो की कठिनाई को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय 80 प्रश्न का होता है जिसमे मानसिक योग्यता, अंकगणित, भाषा परीक्षण करके 100 अंक निर्धारित होता है। इन्ही सब बारीकियों को बताने एवं पूर्वाभ्यास के लिए अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लखनपुर के सरपंच पतिराम बघेल, ग्राम अध्यक्ष रामकुमार साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष प्राथमिक तोषराम जोशी, उच्च प्राथमिक अध्यक्ष मोरध्वज साहू, योगेश्वर साहू पूर्व बीआरसी उपस्थित थे। इस नवोदय अभ्यास परीक्षा की विशेषता रही कि समस्त ग्रामवासी लखनपुर एवं युवा संगठन के सहयोग से सभी लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था किया गया था जिसमे विद्यार्थी, पालक शिक्षक सभी लोग भोजन किये इस आयोजन में शिक्षक संगवारी ग्रुप द्वारा महासमुन्द जिले के विभिन्न विकासखण्ड से अपने अपने विद्यालय में जो शिक्षक अच्छे कार्य कर रहे है जैसे नवोदय विद्यालय, प्रयास विद्यालय, एकलव्य विद्यालय के साथ नवाचारी गतिविधि के माध्यम से पढ़ा रहे है, उनका सम्मान किया गया। इसी क्रम में सुपर फोर्टी के शिक्षक जितेन्द्र दीवान, रिंकल बग्गा, केदार साहू, नवाचार हमारा लक्ष्य समूह के संचालक ईश्वर बरिहा, हेमलता बरिहा, संडे क्लास के संचालक घनश्याम यादव, नवाचारी शिक्षक गोपाल साहू के साथ मीडिया के साथी गौरव चन्द्राकर, कीर्ति का सम्मान किया गया। इस आयोजन में भरपूर सहयोग करने वाले प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मिडिल स्कूल के शिक्षक के साथ साथ भोजन व्यवस्था में सहयोग करने वाले ग्राम लखनपुर के माताओ का युवा साथियो का भी सम्मान किया गया। नवोदय अभ्यास परीक्षा के सफल आयोजन सभी संकुल समन्वयक का योगदान रहा। जिसमे देवानंद पटेल, सतीश तिवारी, कौशल सिन्हा, शाहिद खान, मनीष चन्द्राकर, चन्द्रशेखर डोरा, मानिक साहू, घनश्याम दीवान, कमलकिशोर कुर्रे, खिलावन कंडरा, डोगर सिंह टण्डन के साथ सभी शिक्षकगण जिन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया। भूषण साहू, गणेशराम ध्रुव, पितेश्वर ध्रुव, कमल साहू, प्रेमलाल चौधरी, सुखीराम ठाकुर, कपिल ध्रुव, पूरन पटेल, विनोद दीवान, देवेन्द्र साहू, दिनेश नायक, पार्वती ठाकुर, किरण साहू, उमेश्वरी ध्रुव, मंजुलता देवांगन, निर्मला पटेल, हेमलता बरिहा, नोबल ध्रुव, रीता भोई, गायत्री यादव, ईश्वर बरिहा, लोकनाथ रैदास, कुलदीप साहू, विनोद साहू, उमेश साहू, बिशौहा ध्रुव, टोमन दीवान, शिवकुमार साहू, दयासागर नायक, मोहर सिंह मरकाम, छबिराम पटेल, गुणवंत भोई, भानु चन्द्राकर, दीपिका साहू, नीलू मोंगरे, चांदनी तारक, पूजा जोशी, तारिणी साहू, कुसुमलता साहू के साथ समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासी लखनपुर का सहयोग प्राप्त हुआ।

# 70 व 70 प्लस का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड के लिए किया जा रहा पंजीयन



पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में 70 एवं 70+ आयु वर्ग के समस्त वरिष्ठ नागरिको का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। इसके लिए आधारकार्ड मे मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिंक कराकर, 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार लाभ की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल. कौशिक ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (आधार कार्ड के अनुसार जिनका उम्र 70 या 70 से अधिक हो) को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कार्य, ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तर पर शिविरो के माध्यम से निरंतर जारी है। धमतरी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (70 व 70+ आयु वाले) को अपने नजदिकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल कुरुद, नगरी, बोरई, सामु. स्वा. केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा, जिला अस्पताल धमतरी, योजना मे पंजकृत किसी भी निजि अस्पताल के चिन्हाकित च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे आधार कार्ड व आधार लिंक मोबाइल नबर सहित हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन करा रहे है। सीएमएचओ ने यह भी बताया कि पंजीयन टीम को अनेक पात्र वरिष्ठ नागरिको का आधारकार्ड अपडेट नही होने के कारण, कार्ड पंजीयन करने मे दिक्कत आ रही है। उन्होंने ऐसे पात्र हितग्राही (वरिष्ठ नागरिक 70 - 70+) को नजदीकी आधार सेवा केन्द्र मे जाकर अपने आधार कार्ड मे घर या स्वयं का ही कोई एक एक्टीव मोबाइल नम्बर को लिंक कराने कहा गया है, जो कि आगामी 2-4 अथवा 24 घंटे के भीतर अपडेट हो जाता है।

# विद्यालयो में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



पीएमश्री स्कूल कसडोल में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अरविंद ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी, चूड़ामणि साहू व्याख्याता, संतोष वर्मा प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर राज्य गीत गाकर शुभारंभ किया गया। श्रीनिवास रामानुजन जो की महान गणितज्ञ थे उनके जन्म दिन 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसके अंतर्गत गणित के आयाम, पोस्टर, मॉडल, स्पीच, प्रश्न मंच की प्रतियोगिता रखी गई थी, जिनमें पीएमश्री सेजेस कसडोल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिसीद, सेजेस सेल, ऑक्सफोर्ड इंग्लिश कसडोल, गायत्री विद्यापीठ छरछेद, प्रगति विद्या मंदिर कसडोल के बच्चों ने भाग लिए, गणित के विभिन्न आयामों को प्रतिभागियों ने पोस्टर, पजल पार्क, गेम्स, औद्योगिक आदि रूपों में प्रदर्शन किया, जो की सराहनीय व प्रशंसनीय था। इस प्रतियोगिता में दो कैटेगरी था 6 वीं से 8 वीं व 9 वीं से 12 वीं। फर्स्ट कैटेगरी में प्रथम विवेक साहू 7वीं सेजेस सेल (पजल), द्वितीय भावेश साहू 6वीं सेल(पजल), तृतीय दृष्टि साहू 8 वीं पीएमश्री कसडोल (पोस्टर), गणित मॉडल प्रदर्शनी प्रथम तमन्ना साहू 8वीं सेजेस सेल, द्वितीय दुर्गा साहू 6वीं सेल, तृतीय ईशा साहू 7वीं पीएमश्री कसडोल स्थान प्राप्त किए। साथ ही सेकेंड कैटेगरी में पोस्टर के अंतर्गत प्रथम सपना कैवर्त द्वितीय चांदनी, तृतीय टिकेश हायर सेकेंडरी पिसीद, मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम भूमि, दीप्ति, ममता, देवयानी 9 वीं पीएमश्री कसडोल, भाषण में प्रथम लक्ष्य देवांगन पीएमश्री कसडोल, द्वितीय सिद्धार्थ साहू ऑक्सफोर्ड इंग्लिश कसडोल, प्रश्न मंच में प्रथम निधि साहू,कृतिका जायसवाल, द्वितीय नेराश साहू पीएमश्री कसडोल, जिले के लिए चयानित हुए। निर्णायक के रूप में अनिता मिश्रा, दुलारी साहू पिसीद, मानसी पटेल, पुष्पेंद्र साहू सेल, कृष्णा साहू कोट, नवीन मानिकपुरी छरछेद, नन्दसाय यादव ऑक्सफोर्ड, जागृति साहू, दीक्षा चंद्रा, अनुराग चंद्राकर, संजीव ध्रुव पीएमश्री कसडोल थे। साथ ही कार्यक्रम प्रभारी के रूप में अरविंद ध्रुव बीईओ, नोडल अधिकारी संतोष कुमार वर्मा प्राचार्य, सहायक नोडल चूड़ामणि साहू व्याख्याता थे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी साथ ही समस्त निर्णायकों को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने धन्यवाद ज्ञापित किए।

# बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय बहु. उत्कृष्ट हि.मा.विद्या. क्र-02 जांजगीर एवं रानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक चांपा में बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण में पाए गए छात्रों को जिला अंधत्व नियंत्रण समिति द्वारा शीघ्र निःशुल्क चश्मा से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों का प्रारंभिक अवस्था में ही दृष्टि दोष का पहचान कर चश्मा प्रदान किया जाना हैं, ताकि छात्र-छात्राएं सफलतापूर्वक अध्ययन कर सके और अपनी प्रतिभा से उत्तम उपलब्धि प्राप्त कर सकें। उन्होंने जिला बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 06 से 18 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को नेत्र परीक्षण कराने की अपील की हैं। दृष्टि दोष पाए जाने वाले छात्रों को निःशुल्क चश्मा जिला अंधत्व नियंत्रण समिति, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा प्रदाय की जाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मजगांव को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जयश्री पिता रामनारायण निवासी ग्राम मजगांव उपतह. देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मजगांव प.ह.नं. 29 में स्थित भूमि खसरा नंबर 24/2, 72 रकबा 0.60, 1.08 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.68 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में जयश्री पिता रामनारायण के नाम दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के द्वारा दिनांक 01.12.2024 के करीबन 12:00 बजे ग्राम सलधा धान सोसायटी में कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बधंक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतःभार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत् आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सुचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/12/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
देवरबीजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मजगांव को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गौरीशंकर शर्मा पिता रामनारायण शर्मा निवासी ग्राम मजगांव उपतह. देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मजगांव प.ह.नं. 29 में स्थित भूमि खसरा नंबर 60/2 रकबा 1.60 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 1.60 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में गौरीशंकर शर्मा पिता रामनारायण के नाम दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के द्वारा दिनांक 01.12.2024 के करीबन 12:00 बजे ग्राम सलधा धान सोसायटी में कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बधंक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतःभार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत् आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सुचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/12/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
देवरबीजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम डंगनिया (ख) को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नारायण पिता रामबगस निवासी ग्राम डंगनिया (ख) उपतह. देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डंगनिया (ख) प.ह.नं. 05 में स्थित भूमि खसरा नंबर 744/1, 766, 870, 944/3 रकबा 0.05, 0.08, 0.06, 0.17 हे. कुल ख.नं. 14 कुल रकबा 0.36 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में नारायण पिता रामबगस के नाम दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के द्वारा कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बधंक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतःभार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत् आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सुचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 20/12/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 05/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
देवरबीजा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1114/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक -16/12/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **टिकैतगंज, प.ह.नं. 03** तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक गणेश राम पिता मनसाय राम,** जाति नागवंशी, ग्राम पसिया, तहसील बगीचा, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-टिकैतगंज स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय** प्रयोजन भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-टिकैतगंज, प.ह.न. 03, आवेदित भूमि का ख.न. 60/10, जिसका रकबा 0.035 हे.,में से/वर्ग.मी. 0.035 हे., प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 26/12/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1110/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक -12/12/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **डीपाटोली, प.ह.नं. 07** तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक महेश्वर प्रजापति पिता राम लखन प्रजापति निवासी ग्राम आसेहार तहसील पांकी जिला पलामू (झारखंड)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित **ग्राम-डीपाटोली** स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय** प्रयोजन भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-डीपाटोली, प.ह.न. 08, आवेदित भूमि का ख.न. 29/4, जिसका रकबा 0.040 हे.,में से/वर्ग.मी. 0.040 हे., प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 26/12/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः-12/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1118/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक - 16/12/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **पुरनानगर, प.ह.नं. 06** तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक दीपक प्रसाद साहू पिता कलेश्वर प्रसाद साहू जाति सूड़ी निवी ग्राम लोदाम तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित **ग्राम-पुरनानगर** स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय** प्रयोजन भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-पुरनानगर, प.ह.न. 06, आवेदित भूमि का ख.न. 591/8, जिसका रकबा 0.053 हे. (13 डिसमिल), में से/वर्ग.मी. 0.053 हे. (13 डिसमिल), प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 26/12/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

+91-7856-252240
+91-7856-252475
ee.dantewada@nic.in

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

नि.क्र.19/व.ले.लि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 14/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''द'' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :- 20.12.2024**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | सी.एस.सी. सेन्टर के पीछे नगरपालिका का 05 नग दुकान श्री राधे घर से स्व. भोला बाबू घर तक सी.सी. रोड; गर्डर पुलिया से बंगाली कैम्प मुख्य मार्ग तक बी.टी. रोड क्षतिग्रस्त पेच रिपेयर; कोड़ेनार पंचायत का तालाब पारा सफाई कार्य हनुमान मंदिर के पास गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, रामाबुटी का आयरन पाईप 4 इंच (दो बार टूटा) | 48.79 |
| 2 | जिला दन्तेवाड़ा के इंदौर स्टेडियम परिसर दन्तेवाड़ा में व्हालीवाल मैदान निर्माण (फ्लड लाईट सहित) | 9.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेवाड़ा

G-242504579/3

# कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक,19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा के बैठक में अधिकारियों से विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, उच्च कार्यालय से प्राप्त पत्रों, कोर्ट के लंबित प्रकरणों, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत, सीपी ग्राम सहित अन्य विभागों से प्राप्त प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें। इन प्रकरणों में निराकरण के लिए किसी प्रकार की अधिकारी कोताही न बरते। बैठक में कहा कि जिन विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अवकाश में जाते है, उन दिनों का वेतन न निकाले। जिले अधिकारी-कर्मचारी अपने विभागीय कार्यो के प्रति समर्पित रहे तथा निर्धारित समय में कार्यालय पहुंचे। विभागीय कार्यों को करने में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्यालय में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जनसूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति कर जिला कार्यालय को भी इसकी जानकारी उपलब्ध कराये। विभागों को आवेदकों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायत की जांच की जानकारी संबंधित व्यक्ति को भी अवगत कराये। कलेक्टर ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन करने के निर्देश दिये। उन्होंने सर्वे सूची अनुसार मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों की जानकारी लेकर उन्हें सेचुरेशन से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा बैठक में वन अधिकार पट्टों के लिए लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ऐसे लंबित प्रकरणों की विधिवत जांच परीक्षण कर आवश्यक निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में छुटे हुए पात्र लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग, राशन कार्ड में ई-केवायसी की प्रगति, ई-पोर्टल में दर्ज श्रमिकों की राशनकार्ड बनाने की प्रगति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्ति, आवारा पशुओं के नियंत्रण, जनशिकायत सहित अन्य विषयों में समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए सभी एसडीएम एवं सीएमओ को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, स्ट्रांग रूम बनाने की तैयारी, सामग्री वितरण व वापसी के लिए जगह का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर्स, मतदान दल, स्ट्रांग रूम प्रभारी बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अधिकारी विभागीय योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन करे। इसके तहत गरियाबंद जिले में राजस्व विभाग द्वारा लगातार राजस्व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक पटवारी अपने हल्के प्रत्येक गांव में राजस्व संबंधी प्रकरणो के निराकरण हेतु शिविर, चौपाल का आयोजन करेंगे। ताकि हितग्राहियों के समस्याओं का निराकरण गांव पर किया जा सके। इसके अलावा प्रत्येक तहसील में राजस्व शिविर का आयोजन भी करें। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# रैली में तिरंगे झंडे और देशभक्ति के नारों के साथ सैकड़ों युवा शामिल, अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विजय दिवस के अवसर पर देश में 1971 के बांग्लादेश युद्ध मे भारतीय सेना के अदम्य साहस व वीरता के चलते पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा था ।इसी दिन हमारे कुछ जवान वीरगति को प्राप्त हुवे थे उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का भी सभी जगह आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में फुलझर डिफेंस अकादमी द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जय स्तंभ में आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुवे अकादमी के संचालक धर्मेंद्र चौधरी (सेवानिवृत्त फौजी) ने कहा कि यह आयोजन भारतीय सेना और सशस्त्र बलों की वीरता, शौर्य, और बलिदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित था। विजय दिवस भारत में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस है, जिसे हर साल 16 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत और बांग्लादेश के निर्माण की स्मृति में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उभरा, जिसे अब बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। विजय दिवस का ऐतिहासिक महत्व 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के संयुक्त अभियान के परिणामस्वरूप पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया। पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया, जो कि इतिहास में सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण माना जाता है। इस युद्ध में भारत ने मानवता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्षरत बांग्लादेशी नागरिकों का समर्थन करते हुवे नए बांग्लादेश का उदय हुआ। इस अवसर पर अमर शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और छात्र शामिल हुए। देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के लिए एक भव्य बाइक रैली का आयोजन भी किया गया। रैली में तिरंगे झंडे और देशभक्ति के नारों के साथ सैकड़ों युवा शामिल हुए।

# आंगनबाड़ी की दुर्दशा, किराए के मकान में लग रही आगनबाड़ी

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



विष्णु की सुशासन वाली सरकार में आंगनबाड़ी केन्द्र का बुरा हाल हो चुका हैं। पार्षद पंकज राज वाधवानी में प्रेस स्वीकृति जारी कर कहां की नौनिहालों के पालन-पोषण और शुरुआती शिक्षा के लिए सरकार द्वारा स्थापित किए गए आंनगबाड़ी केंद्रों के हाल आज भी बेहाल है शासन प्रशासन मासुम बच्चों के साथ कर रही हैं खिलवाड़। भानुप्रतापपुर शहर की नयापारा वार्ड क्रमांक 14 की आंगनबाड़ी का भवन पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुका है 3 वार्ड 13/14/15 वार्ड के मासूम बच्चे इस आंगनबाड़ी में आते हैं साथी ही गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण भी इसी आंगनवाड़ी में होता है। सालभर से आंगनबाड़ी के मासूम बच्चे, व माताएं जगह जगह भटकने को मजबूर हो जुके हैं परंतु इन मासूम का सूध लेने की फुर्सत शासन और प्रशासन को नहीं है। लगातार शासन और प्रशासन से आंगनबाड़ी भवन की माग की जा चुकी है परंतु भाजपा की सरकार में आंगनबाड़ियों का बुरा हाल है शासन में आने से पूर्व भाजपा के नेताओं ने स्वास्थ्य शिक्षा को बड़ी-बड़ी बातें की थी और आज उनकी कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आ रहा है इस सरकार में किसान, बच्चे, व्यापारी महिला युवा मजदूर सभी परेशान हैं। जल्द नया आंगनबाड़ी भवन नहीं बनाया गया तो भानुप्रतापपुर के मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों के चक्का जाम किया जाएगा।

# हाटकर्रा में महतारी वन्दन योजना सम्मान कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महतारी वंदन योजना सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत हाटकर्रा सरपंच श्रीराम कुमार दर्रो एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य झाडू राम मंडावी एवं सेक्टर सुपरवाइजर अनुसूईया साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम हाटकर्रा के महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाओं का स्वागत सम्मान किया गया एवं माताओ को राशि का सही उपयोग करने बताया गया। माता द्वारा बताया गया कि राशि का प्रतिमाह बैंक से निकालकर अपने स्वास्थ्य में बच्चों के स्वास्थ्य में पढ़ाई में एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में लगाया जा रहा है। गर्भवती एवं पोषाक माता द्वारा बताया गया कि प्रतिमाह मूंग चना मूंगफली एवं गुड खरीदा जाता है एवं उन्हें अंकुरित करके खाया जा रहा है जिससे उन्हें स्वास्थ्य में बहुत लाभ हो रहा है। इसके लिए सभी हाटकर्रा के माता द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया। हाटकर्रा पंचायत मैं इस योजना से 297(100%) माताएं लाभान्वित हो रहे हैं। इस पूरे कार्यक्रम में जनपद सदस्य झाडू राम मांडवी रामकुमार दर्रो सरपंच राधा बाई पंच अनुसूईया साहू सेक्टर सुपरवाइजर इंदिरा सोनवानी, बसंत पुजारी, साधना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शैलेंद्र, तनुजा नायक ,पुष्पा आंगनबाड़ी सहायिका एवं ग्रामवासी की माताएं उपस्थित थे।

# नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को शपथ दिलाया गया निर्विरोध चुने जाने पर सभी पदाधिकारियों को बधाई दी



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर के सामाजिक भवन में कांकेर जिला के महार/महरा सामाजिक भवन में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष भीखम आरदे, उपाध्यक्ष कुबल भुसाखरे, सचिव हरदेव बगमारिया, कोषाध्यक्ष अशोक भास्कर, सहसचिव युवराज भुसाखरे को प्रांताध्यक्ष श्रीराम शैलेंद्र जी के द्वारा शपथ दिलाया गया। और निर्विरोध चुने जाने पर सभी पदाधिकारियों को बधाई दी इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष हरिओम अमांदिया,सरक्षक नोहर बगमारिया, सचिव भक्ता राम मंडावी,सहसचिव सलवंत धाकडे, पूर्व जिला अध्यक्ष पिंटू आरदे,राजनांदगांव जिला अध्यक्ष प्रवीण मंडावी,ईसाई राम बगमारिया, महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चित्ररेखा डोंगरे,बालोद जिला अध्यक्ष मधुमाला कौशल,कांकेर जिला उपाध्यक्ष लता लाडिया,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कोमिन तेमुन्रा ,रूपा बाई,पाचो बाई, जयन्त्री बाई इंदिरा आरदे,विनोद आरदे,कैलाश भुसाखरे, महेश सहारे, थानेश्वर कौशल, बेनु राम सांगिया, राजू संगोड़िया,जीवन रावटे,महेन्द्र नाँदरे, चुन्नू राम उन्द्रा,रत्तीराम मर्सकोले,दया राम आरदे,बली राम जयते,गोपाल जयते,सुंदर आरदे,हेमंत भवसार, मिश्री आरदे,डीनेंद्र बादलिया,शंकर सांगरे,नेमीचंद भुसाखरे, मुन्ना कोटेन्द्र,गोवर्धन मर्सकोले,त्रिलोक आरदे, सूरज कौसल,रतन आरदे,विनोद सहारे,बीर सिंह चन्दर बाई,भुनेश्वरी भुसाखरे, ललती बाई सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में सेवा, कृषि, खनिज आधारित उद्योगों की सभावनाओं एवं उद्योग विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वावधान में जिले में उद्योग की संभावनाओं पर कार्यशाला कलेक्टर चंद्रवाल की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को बालाजी लीला रिसोर्ट बालोद में सम्पन्न हुई।

कार्यकम में सेवा, कृषि, खनिज आधारित उद्योगों की सभावनाओं एवं उद्योग विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। कार्यकम में आमंत्रित छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारीगण एवं व्यापारीगण उपस्थित होकर लाभ लिया। वन उपज एवं आयुर्वेदिक औषधि आधारित उद्योगों पर राजहरा के सुमित मुंदड़ा ने अपना उद्बोधन देकर विस्तृत में बताया। दल्ली राजहरा से अमित मुदंड़ा, किशोर कराड़े , दिनेश साहू, दीपक मित्तल, आकाश जैन, एनीश सग्नले, कमल शर्मा, नवदीप गुप्ता, अजय कुकरेजा, संजय कुमार सोनवोईर, द्वारिका साहू, प्रतीक पटेल, राजेश पटेल, मुकेश जैन, सम्मिलित होकर लाभ लिये। कार्यकम के अंत में कलेक्टर द्वारा दल्ली राजहरा से आए छ.ग. चेंबर के पदाधिकारियों एवं व्यपारियों का आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स दल्ली राजहरा इकाई के अध्यक्ष शंकर लाल कुकरेजा ने दी।

# कच्चे धान खरीदी केंद्र में किसान कांग्रेस के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे क्षेत्र के किसानों की लगातार परेशानियां बढ़ती जा रही है , बीते 8 दिनों से धान खरीदी बंद है जिससे किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमर कचलाम के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। किसान कांग्रेस ने कहा नींद में सोए हुए शासन प्रशासन को खरीदी केंद्र की दुर्दशा का अवगत कराने का कार्य कांग्रेस के द्वारा लगातार किया जा रहा किन्तु सत्ता के नशे में चूर विष्णु सरकार ने किसानों के साथ ही वादा खिलाफी लगातार कर रही है ।धान खरीदी केंद्र में लगातार हो रही बार दाने की कमी किसानों को खुद का बोरा देना पड़ रहा है, 31सौ एक साथ देने वाली साय सरकार 23सौ देकर लोगों को ठगने का काम कर रही है , टोकन की व्यवस्था पूरी तरह से ढप है सरकार के कारनामे से लगातार उनके की ऑपरेटर परेशान होकर हड़ताल में बैठे हुए है सरकार की नाकामी को देखते हुए किसान कांग्रेस, कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य, नवली मीना मंडावी किसान कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष अमर कचलाम,जनपद उपाध्यक्ष सुना राम तेता, कांग्रेस नेता रीखी राम मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष खेमलाल साहू विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश यदु, हरि चंद्र कौड़ो गोंडवाना समाज ब्लॉक अध्यक्ष भानु, देवराज आंचल, कृष्ण कोसमा, दिलवर हिचामी, कोमल तेता, बैशाख हिड़को, रामदेव वट्टी, ब्लॉक अध्यक्ष खेमलाल साहू विजय सोरी, जयसिंह भुवर्या, जावेद खान, उमंग जैन, खिलेश मडावी व समस्त किसान उपस्थित होकर विरोध दर्ज कराया है, 2 दिन के अंदर यदि किसानों की हित में धान खरीदी चालू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी भानु से दल्ली के बीच में मैन रोड में बैठ कर चक्का जाम करेगी।

# ग्राम भैंसकंहार (क)में अन्नप्राशन, टीकाकरण एवं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैसाकन्हार (क) के आंगनबाड़ी केंद्र नयापारा में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महतारी वंदन योजना, अन्नप्राशन और टीकाकरण का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा तिलक और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पलता दरपट्टी और शकुन करंगा द्वारा बताया गया कि महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागु किया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं। महतारी वंदन योजना के वरिष्ठ लाभार्थि बजारों बाई नरेटी ने साझा कर बताया कि यह योजना उनके लिए वरदान से कम नहीं है उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना दिया मै अपने इलाज से लेकर अपनी छोटी छोटी जरूरत इन्हीं पैसा से करती हु और बचत के रूप में थोड़ा पैसा रखती हु। इसके बाद छःमाह के तीन बच्चों को खीर खिला कर अन्नप्राशन संस्कार किया किया गया और सेक्टर सुपरवाइजर के.बी.दास द्वारा बताया गया कि अन्नप्राशन के जरिए बच्चे के शुद्ध, सात्विक और पौष्टिक अन्न ग्रहण करने की शुरुआथ की जाती है, जिससे उसके विचारों, भावनाओं में सकारात्मकता पैदा हो।ऊपरी आहार से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास अच्छे से होता है। साथ ही ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस पर अपेक्षित बच्चों का टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जाँच किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके, सेक्टर सुपरवाइजर मुकेश श्रीवास लता नरेटी, अंकिता राणा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी लतिया, कामिन कोसमा, मितानिन रमिता पोटाई, और महिलाएं बच्चे उपस्थित हुए।

## जनदर्शन में मिले 69 आवेदन

# जनदर्शन में आये विधवा एकांकी महिला बुधियारिन बाई को मिला अंत्योदय राशनकार्ड

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के समक्ष छुरा विकासखण्ड के ग्राम पोंड की रहने वाली एकांकी/विधवा महिलामती बुधियारिन बाई बेल्दार ने कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपने अकेली, गरीब एवं राशनकार्ड में खाद्यान्न केवल 10 किलो मिलने और इससे गुजारा नहीं होने की बात कहने पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग के जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू को हितग्राही के लिए 35 किलो वाला राशनकार्ड जारी करने का निर्देश दिये। इस पर उन्होंने तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड जारी किया। अब हितग्राही को प्रतिमाह 35 किलोग्राम चांवल, 2 किलोग्राम नमक, 1 किलोग्राम शक्कर और 2 किलोग्राम चना मिलने की पात्रता होगी। बुधयारिन बाई ने कलेक्टर अग्रवाल के हाथों उन्हें तत्काल पात्रता अनुसार राशन कार्ड मिलने से शासन, प्रशासन एवं खाद्य विभाग का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जिला कार्यालय में लोक संवाद नाम से विशेष प्रकोष्ठ कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें ऑनलाईन - ऑफलाईन जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों/आवेदनों का त्वरित निराकरण एवं निगरानी की जा रही है। जिसके तहत लाभार्थियों से सीधे फोन कॉल कर शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं प्राप्त/सुविधाओं से फीडबैक प्राप्त कर प्रक्रिया को और सुगम सरल बनाया जा सके। सुशासन साप्ताह में शासन की विभिन्न विभागों में प्राप्त शिकायतों/आवेदनो के निराकरण के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। ताकि हितग्राही को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। इसी प्रकार कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में 69 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम आमदी 'म' के धनीराम पटेल ने बाढ़ नियत्रंण कर तटबंध निर्माण हेतु, ग्राम पांडुका की किरण टोडर ने असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के तहत लाभ दिलाने, ग्राम घटौद के समस्त ग्रामवासियों ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र को निरस्त करने, ग्राम घटकर्रा के डोमेश्वर सेन ने मनरेगा मेट की मजदूरी राशि दिलाने एवं देवकराम ने नये राशनकार्ड बनाने, ग्राम दशपुर के बोधीराम ने राजस्व भूमि पट्टा प्रदान करने, ग्राम कुरूद की बोधनी बाई साहू ने किसान सम्मान निधि दिलाने, ग्राम माहुलकोट की भानोबाई ने वन अधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम बम्हनदेही के कन्हैया कमार ने पट्टा, नक्शा, खसरा प्रदान करने, ग्राम लफंदी के रोशन साहू ने नल जल योजना के तहत किये कार्य की राशि दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों का नियमानुसार निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# डेविड चौधरी बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल भंवरपुर का निर्वाचन मंगलवार को संपन्न हुआ जिसमें डेविड चौधरी को भाजपा मंडल भंवरपुर का मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान वर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी को विदाई दी गई। जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सह निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्या चरण चौधरी ने बैठक को संबंधित किया। तत्पश्चात जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में सर्वसम्मति से युवा भाजपा कार्यकर्ता डेविड चौधरी को भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए आभार प्रकट किया तथा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष का पद पार्टी के अंदर एक व्यवस्था है और हम सभी इस व्यवस्था में सहभागी बनेंगे।

# एथेनाल प्लांट के ध्वनि प्रदूषण से परेशान ग्रामीण चौबीसों घंटे कर रहे है पहरेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट के विस्थापन के लिए 85 दिन से शांति पूर्ण धरना दे रहे ग्रामीण विगत रात्रि के भयानक ध्वनि प्रदूषण से आक्रोशित होकर पहरेदारी पर निकल आए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए बेरला जनपद पंचायत के सदस्य सिद्दीकी खान ने बताया कि पथर्रा और बसनी के ग्रामीण पिछले लगभग 15 दिनों से प्लांट परीक्षण से निकलने वाली तेज आवाज से रात में नींद की समस्या की शिकायत कर रहे थे,ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट परीक्षण से पहाड़ का पत्थर पीसने की तरह से ध्वनि निकलती है जिससे रात की नींद में व्यवधान होता है,नींद से अचानक चमक कर उठने की शिकायत सामने आ रही है।कल रात जब इसी तरह की घटना दोहराई गई तो पथर्रा और बसनी के ग्रामीण सड़क पर उतर आए।यहां आने जाने वालों से असहयोग आंदोलन करने लगे।महिलाएं कल से सरपंच के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चला रही है,और सभी से प्लांट की ओर जाने वाले रस्ते के प्रयोग नहीं करने की गुजारिश कर रही है।ऐसा ही काम



बसनी के लोग भी कर रहे है।इन सब में महिलाएं बहुत ज्यादा आक्रोशित दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों के भीतर इस तरह प्लांट स्थापना उचित नहीं है,विगत दिन कृषि विभाग की एक टीम भी प्रशासन के निर्देश पर इस प्लांट से कृषि पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव का मुआयना करने आई थी।उनकी भी स्पष्ट राय है कि इस कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ना अवश्यंभावी है,उनके द्वारा ग्रामीण किसानो के बीच प्लांट के दुष्प्रभाव का पंचनामा भी तैयार किया गया है।इस प्लांट को दी गई अनुमति में घोर अनियमितता बरती गई है,जिसके सत्यापित दस्तावेज यहां के ग्रामीण शासन, प्रशासन तक लगातार पहुंचाते रहे और लगातार इस पर कार्यवाही की मांग करते रहे है,इस प्लांट के लिए डायवर्सन की प्रक्रिया के दिन से ही विरोध हो रहा, इतने विरोध के बाद भी प्लांट को चलाने की जिद समझ से परे है। इस बीच प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को डराने धमकाने के लिए एफ आई आर भी दर्ज किया गया है। रात ठिठुरती ठंड में भी ग्रामीण अलाव जला कर बारी बारी से रखवारी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के विरोध के चलते यहां बाहर से आए कर्मचारी रात में प्लांट छोड़ कर भाग खड़े हुए हैं। जिला प्रशासन भी इस प्लांट को दी गई अनुमति चार सप्ताह में जांच करने की बात कह कर फंस चुकी है क्योंकि अनियमितता के सारे दस्तावेज उन्हें उपलब्ध कार्य जा चुका,जिसमें प्रथम दृष्टया ही अनियमितता दिखाई दे रही है, और चार सप्ताह की जगह पर आठ सप्ताह से ज्यादा का समय व्यतीत ही चुका है,ऐसे में कार्यवाही करने के अलावा कोई और उपाय प्रशासन के पास बचा नहीं है।जिससे प्रशासन बचने की कोशिश कर रहा है।84 दिन से भी ज्यादा समय तक लगातार शांति पूर्ण आंदोलन के बाद प्लांट से होने वाला ध्वनि प्रदूषण के कारण ग्रामीण सड़क पर निकालने बाध्य हुए है।जबकि पंचायत द्वारा ग्रामीण पगडंडी को औद्योगिक सड़क की तरह इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रस्ताव पारित कर सूचना बोर्ड भी लगाया गया था,जिसका फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा लगातार उल्लंघन किया गया है। गत दिन भारी वाहन प्रवेश रोकने बाढ़ भी लगाया गया था,जिसे फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा तोड़ कर फेक दिया गया, जिससे ग्रामीणों की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है,वही पुलिस और प्रशासन का रवैया ग्रामीणों को प्लांट प्रबंधन का पक्षधर और पक्षपाती प्रतीत होता है,जिससे ग्रामीण लोग और ज्यादा गुस्से में दिखाई दे रहे है।

# प्रयागराज कुम्भ को हरित कुम्भ बनाने हर घर से एक थाली एक थैला अभियान

## आमजन सहयोग कर दे रहे हैं सहभागिता

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सनातन धर्म के आस्था का प्रतीक महाकुंभ 45 दिनों का होने जा रहा है। प्रयागराज में यह महाकुंभ नववर्ष के आगामी 13 जनवरी से प्रारंभ होगा ओर 26 फरवरी को समापन किया जाएगा। जहां पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आने वाले लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के भोजन व्यवस्था में उपयोग होने वाले प्लास्टिक पत्तल डिस्पोजल गिलास झिल्ली के बजाय स्टील थाली व कपड़े का बैग यूज़ हो ।इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक हर घर एक थाली एक बैग अभियान पूरे देश मे चलाया जा रहा है उसी तारतम्य में जिला मुख्यालय में भी अभियान के तहत कार्यकर्ता निकले।

नगरवासियों के बीच समिति के संयोजक नूतन साहू, धार्मिक संस्थान प्रमुख ताराचंद सोनी, जिला अभियान प्रमुख अलंकार ताम्रकार सहयोग लेने पहुँचे इस दौरान पूर्व नगर पालिका



अध्यक्ष विजय सिन्हा ने 101 थाली 101 बैग का जहां सहयोग दिया वही भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी ने 21 थाली, योगेश वर्मा 11, विजय लखानी 5, विकास तम्बोली 5, गौरव साहू ने 3 थाली का सहयोग देकर अपनी सहभागिता दी। सामाजिक ओर धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी देने वाले नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि महाकुंभ हर हिन्दुओं का आस्था का हिस्सा है जहां पर्यावरण संरक्षण के लिए संघ पूरे देश में स्वच्छता और पर्यावरण का संदेश देने या अभियान चला रही है जिसमें बेमेतरा जिले को भी सौभाग्य मिला है जिसमें जिले से 12 हजार थाली एकत्रित करने का लक्ष्य जिसे सभी जिले के नागरिकों के सहयोग पूरा कर लेंगे ऐसा व सिन्हा ने आगे बताया कि इस अभियान का एक मात्र उद्देश्य की 45 दिनों तक चलने वाले कुम्भ मेले में लगभग 40000 टन कचरे से मुक्ति मिल सके ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की महती सोंच माँ गँगा यमुना सरस्वती सहींत सभी नदियों को साफ सुधरा प्रदूषण मुक्त हो सके इस नेक लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक आरआरएस का हर घर एक थाली एक बैग अभियान पूरे देश मे चलाया जा रहा है।

# किरंदुल और बचेली शहर के श्मशान घाट में सुधार के लिए, प्रवेश जोशी के प्रयासों से मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल और बचेली शहर के पाढ़ापुर श्मशान घाट की दयनीय स्थिति में सुधार के लिए प्रवेश कुमार जोशी द्वारा किए गए प्रयासों को सफलता मिली है। जोशी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में श्मशान घाट की खराब सड़क, अपर्याप्त जल आपूर्ति, अतिवृष्टि वाली वनस्पति, स्वच्छता की कमी और पुरानी संरचना जैसी गंभीर समस्याओं को उजागर किया था। जोशी के पत्र के बाद जिला कलेक्टर दन्तेवाड़ा के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद्, किरंदुल ने इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की और प्राक्कलन जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा को प्रेषित की तदुपरांत 39.70 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।





इसके तहत सी.सी. सड़क का निर्माण हो चुका है और आगे भी जीर्णोद्धार का कार्य जारी रहेगा। जोशी ने इस जन हितैसी कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के तेजस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का, शिकायत विभाग और विशेषकर विकास पुरुष जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी का आभार व्यक्त किया है, जिनके कारण ही नगर में निर्माण कार्य होते दिखाई दे रहे है।उन्होंने किरंदुल नगर पालिका और जनपद पंचायत कुआकोंडा को भी धन्यवाद दिया ही। सालों से उपेक्षित श्मशान घाट को नया जीवन मिलने से समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जोशी की यह कदम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह एक प्रेरणादायी है कि कैसे एक व्यक्ति के प्रयास से एक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे को हल किया जा सकता है।

# जिला गरियाबंद अंतर्गत श्रमिक सम्मेलन श्रमिक शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के शीर्षक पर आधारित दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को श्रम विभाग गरियाबंद द्वारा शासकीय आवास निर्माणाधीन स्थल डोगरीगांव में श्रमिक सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में श्रमिकों के मध्य जागरूकता लाने हेतु विभिन्न श्रम कानूनों एव विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा उपस्थित श्रमिकों का 26 पंजीयन, 21 नवीनीकरण आवेदन शिविर स्थल में ही किया गया। सम्मेलन में शामिल वा श्रमिक परिवार के बच्चों का मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 20




हजार रूपये का डेमो चेक प्रदाय कर लाभान्वित किया गया। श्रम सम्मेलन में श्रमिकों के मध्य नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटके राजश साहू, अनिल चंद्राकर, विश्वकर्मा राजमिस्त्री संघ का अध्यक्ष लीलाराम विश्वकर्मा, सचिव विश्वकर्मा राजमिस्त्री संघ धनराज विश्वकर्मा, श्रम पदाधिकारी एलेन मिज, श्रम निरीक्षक परीक्षित कुमार, श्रम उप निरीक्षक सुश्री नेहा अग्रवाल, सुश्री रश्मि, श्रम कल्याण अधिकारीमती प्रीति ठाकुर एवं विभाग के कर्मचारी तथा श्रमिक उपस्थित रहे।

# सेजेस परपोड़ी में नवोदय विद्यालय के लिए मॉक टेस्ट परीक्षा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट परीक्षा हेतु नवीन परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परपोड़ी, विकासखण्ड साजा में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा दिलाने के लिए कुल 100 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। लक्ष्य जिला इकाई बेमेतरा के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन और उनकी उपस्थिति में लक्ष्य कार्यकर्ता सदस्य गण हिमाचल वर्मा व्याख्याता, रोशन चंदेल शिक्षक, पृथ्वीराज ध्रुव, घनश्याम साहू शिक्षक, चुरावन मानिकपुरी शिक्षक के सहयोग प्राप्त हुआ एवं सुचार रूप से संपन्न हुआ। आयोजित यह नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा 8 दिसंबर को प्रथम एवं रविवार को द्वितीय मॉक टेस्ट परीक्षा हुआ। इसी तरह आगामी रविवार को भी मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित



होगी। इस क्षेत्र के नवोदय विद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए पहले अभ्यास परीक्षा है जिसमें अपने योग्यता का परीक्षण परीक्षा पूर्व मॉक टेस्ट से किया जा रहा है।

इस क्षेत्र के पालकों एवं परीक्षार्थियों में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा के प्रति काफी जिज्ञासा व उत्साह दिखाई दे रहे हैं। मॉक टेस्ट परीक्षा केन्द्र संचालक कमलेश कुमार वर्मा व्याख्याता ने कहा कि निश्चित ही हमारा यह पहला प्रयास है। हमें पालक एवं बच्चे का प्रतिभा, उत्साह एवं जिज्ञासा हमें कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

# रॉयल एनफील्ड के प्रि-ओन्ड मोटरसाईकल बिजनेस-रिओन का विस्तार हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मिड-साईज़ (250सीसी-750सीसी) मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज अपने प्रि-ओन्ड मोटरसाईकल बिज़नेस, रिओन का विस्तार किया। अब भारत के 236 शहरों में ग्राहक और रॉयल एनफील्ड बाईक प्रेमी अपनी पुरानी मोटरसाईकल को बेचकर नई रॉयल एनफील्ड बाईक आसानी से खरीद सकेंगे। 2023 में भारत के कुछ शहरों में पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल खरीदने और बेचने के लिए रॉयल एनफील्ड का एक पारदर्शी प्लेटफॉर्म, रिओन पेश किया गया था। अब भारत के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 236 शहरों में 475 रॉयल एनफील्ड डीलरशिप्स पर रिओन की सुविधा उपलब्ध है। यह भरोसेमंद और प्योर मोटरसाईक्लिंग अनुभव पेश करने वाली मोटरसाईकल प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा। रॉयल एनफील्ड ने इस नेटवर्क विस्तार के अलावा एक्सचेंज बेनेफिट्स के साथ पहला लॉयल्टी



प्रोग्राम भी पेश किया है। इस प्रोग्राम द्वारा ग्राहक अपनी पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल को रिओन के आरई-टू-आरई एक्सचेंज के माध्यम से नई मोटरसाईकल से बदल सकते हैं। रिओन के विस्तार के बारे में यादविंदर सिंह गुलेरिया, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, रॉयल एनफील्ड ने कहा, ''रॉयल एनफील्ड में हम निरंतर इनोवेट कर रहे हैं ताकि रॉयल एनफील्ड का मालिक बनने की खुशी ज्यादा से ज्यादा राईडिंग प्रेमियों को मिल सके। कुछ ही शहरों से शुरू होकर केवल एक साल में 236 शहरों तक रिओन का विस्तार ग्राहकों को रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल खरीदने का आसान अनुभव प्रदान करने का हमारा वादा प्रदर्शित करता है, फिर चाहे वो अपनी पहली मोटरसाईकल खरीद रहे हों या फिर पुरानी मोटरसाईकल को अपग्रेड कर रहे हों।

# कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को



पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा। कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है। मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है। घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। दीर्घकालिक निवेशकों को उच्च मूल्यांकन के बीच एसेट क्वालिटी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर हो रही हैं क्योंकि मौद्रिक नीतियां नरमी की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 19 से 24 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है

**गरियाबंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसके लिए शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य को सुदृढ़ता प्रदान करना है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर गरियाबंद जिले में राजस्व विभाग द्वारा लगातार राजस्व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक पटवारी अपने हल्के प्रत्येक गांव में राजस्व संबंधी प्रकरणो के निराकरण हेतु शिविर, चौपाल का आयोजन करेंगे। जिससे की यथा संभव हितग्राहियों के समस्याओं का निराकरण गांव पर ही संभव हो सके। इसके अलावा जिला कार्यालय में लोक संवाद नाम से विशेष प्रकोष्ठ कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें ऑनलाईन- ऑफलाईन जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों/आवेदनों का त्वरित निराकरण एवं निगरानी की जा सके।

# बच्चियों ने शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, रामचंद्रपुर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला सनवाल का मामला



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामचंद्रपुर विकासखंड में गुरु और शिष्य के रिश्तो को कलंकित करने वाला एक मामला सामने आया है शिकायत के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदानंद कुशवाहा के द्वारा जांच की जा रही है उक्त संबंध में जब कुशवाहा को फोन लगाया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया ना ही कॉल बैक किया गया अपनी लापरवाही को छुपाने के लिए शायद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जांच के बाद जिले के सक्षम अधिकारी इस पर क्या निर्णय लेते हैं इसके बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि विभाग आरोपी शिक्षक को बचाने का प्रयास कर रहा है या पीड़ित को न्याय दिलाने का विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला सनवाल के 6 बच्चियों के द्वारा वहां पर पदस्थ शिक्षक मोहम्मद शाहिद पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना सनवाल में अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि मोहम्मद शाहिद छात्राओं को क्लास रूम में बंद करके बच्चियों के साथ छेड़छाड़ किया करता है पूर्व में इसकी शिकायत बच्चियों के द्वारा अपने परिजनों एवं प्राचार्य को भी किया जा चुका है अब यह मामला देखते-देखते तुम पकड़ता जा रहा है शिक्षा विभाग के कोई भी वरिष्ठ अधिकारी अपना बयान देने से किनारा करते हुए नजर आ रहे हैं। सरगुजा संभाग में आए दिन लगातार शिक्षकों की गैर जिम्मेदाराना हरकत सुर्खियां बनती नजर आ रही है।

## समय की बचत के साथ, स्वास्थ्य समस्या का हुआ समाधान, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन से बदली जमदेई गांव की तस्वीर

# जल जीवन मिशन से पेयजल के किल्लत से मिली निजात

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड-सूरजपुर अंतर्गत ग्राम-जमदेई में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना से लागत कुल रु. 74.29 लाख 02 नग 85 कि.ली. क्षमता एवं 35 कि.ली. क्षमता का उच्चस्तरीय जलागार एवं 02 नग 5000 लीटर एवं 5000 लीटर सोलर आधारित योजना से समस्त ग्राम के 526 घरों में जल प्रदाय किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवारों के घरों में पीने का शुद्ध पेयजल पहुचाना एवं ग्रामो को पूर्ण रूप से हर घर जल प्रमाणित करना। इसी तरह सरकार की एक और योजना स्वच्छ भारत मिशन है जिसका लक्ष्य है गाँव की सम्पूर्ण स्वच्छता ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाना है। इसे भी ग्राम जमदेई








में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है। इस जमदेई गांव में जल जीवन मिशन के आने से पहले ग्रामीण मुख्यतः अपनी पानी की आवश्यकताओं के लिए हैडपम्प एवं कुंओं पर निर्भर थे। जिसका पानी पीने योग्य है या नहीं इसका भी जानकारी ग्रामवासियों को नहीं होता था अतः समय समय पर जल जनित बीमारियों होती रहती थी एवं पानी भरने के लिए महिलाओं को नलकुप (हैडपम्प) से लाईन लग कर भरना पड़ता था। जिससे दिन का काफी समय सिर्फ पानी की व्यवस्था और पानी भरने में लग जाता था। गर्मी के दिनों में हैडपम्प में पानी न आने से ग्राम वासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन जाती थी। जमदेई के स्कूल पारा निवासी गुलाबी बताती हैं कि पहले हमें पेयजल की बहुत समस्या होती थी, जब से जल जीवन मिशन के माध्यम से हमारे घर में नल लगा है, तब से सुबह शाम दो-दो घंटे दिन में दो बार पानी आता है। जिससे हमारे परिवार के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए उपलब्ध हो रहा है। हम सब ग्रामवासी इस जल जीवन मिशन से काफी ज्यादा खुश है। अब हमें पानी पीने के लिए न ही हैण्डपंप और न ही कुएं का उपयोग करना पड़ता है। जिससे हमारे समय की बचत होती है और हम अन्य कार्य कर लेते है। अपने बच्चो के पालन पोषण में समय दे पाते है। वे तथा सभी ग्रामवासी इसके लिए जल जीवन मिशन, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते है। जल जीवन मिशन के अलावा स्वच्छ भारत मिशन जिसमें की लगभग 6 सालों से ग्राम में कार्य हो रहा था जो अब पूर्ण हो गया है एवं ग्राम ओडीएफ प्लस मॉडल के श्रेणी में आ चुका है जिसमें सभी घरों में शौचालय, समुदायक हैण्डपम्प में सोखता गढ़ढ़ा, नाबार्ड टंकी, गोठान, सरकारी भवनों में रनिंग वाटर, सामुदायिक शौचालय, हितग्राहियों के नीजी शौचालय, गांव के कचरा के निपटान के लिए रिक्सा (कचरा रिक्सा) एवं कचरा निपटान के लिए स्व सहायता समुह को सौपा गया है आदि व्यवस्थायें स्थापित किये गये हैं, जो कि कार्यरत है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन द्वारा इस गांव की कायाकल्प बदल दी गई है एवं ग्रामीण भविष्य के लिए काफी खुश एवं आशान्वित हैं।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी चार अधिकारी अनुपस्थित,कारण बताओं नोटिस जारी




पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के नव पदस्थ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा के द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत में जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई थी कि निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही न बरतें बावजूद इसके जिले के चार रसूखदार अधिकारी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे जबकि प्रथम चरण का प्रशिक्षण 16 दिसंबर 2024 को कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया था जहां रसूखदार अधिकारियों में एडीपीओ मनोहर लाल जयसवाल, जिला मिशन समन्वयक रामप्रकाश जयसवाल, तहसीलदार पूनम रश्मि तिग्गा,व्याख्याता अंजू गुप्ता शामिल हैं जिनको उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि चौधरी के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

# विधानसभा के रजत जयंती वर्ष में 'स्मृतियां' छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने मंगलवार को विधान सभा परिसर में 'स्मृतियां' छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित मंत्रियों एवं विधायकों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के 25 वर्षों के ऐतिहासिक सफर के महत्वपूर्ण अवसर के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। छायाचित्रों की इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ विधान सभा के आरंभ से लेकर वर्तमान तक विशिष्ट अतिथियों के छत्तीसगढ़ विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों में आगमन एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर विधान सभा परिसर में लगी रहेगी। प्रदर्शनी स्थल पर नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधान सभा भवन के 'मॉडल' को भी प्रदर्शित किया गया है।

# देश और राज्य के विकास में बालको का महत्वपूर्ण योगदान




पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार ने 27 नवंबर 1965 को भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में की और छत्तीसगढ़ के कोरबा में एल्यूमिनियम कारखाना स्थापित करने का निर्णय लिया। उस समय आज का विशाल औद्योगिक नगर कोरबा, मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले का हिस्सा था। बालको के एल्यूमिनियम कारखाना की योजना पर कार्य आरंभ हुआ, साथ ही व्यापार का नया क्षेत्र और विविध अवसर अपने साथ लेकर आया। वर्ष 1970 में बालको के एल्यूमिनियम संयंत्र का निर्माण प्रारम्भ हुआ। यह वह समय था, जब बड़ा आर्थिक निवेश के साथ हजारों हाथों को रोजगार के जरिये अतिरिक्त आर्थिक संबल और समृद्धि हासिल हुई। वर्ष 1975 में बालको के एल्यूमिनियम संयंत्र ने पूर्ण आकार ले लिया। फिर वह खुशनुमा सुबह आई, जब मई 1975 में बालको ने धातु का उत्पादन प्रारम्भ किया। सन् 2001 तक उत्पादन क्षमता 01 लाख टन प्रति वर्ष थी। कंपनी सही मायने में रोजगार और व्यापार का पर्याय बन गया है। बालको में कार्यरत कुल 1986 कर्मचारियों में से छत्तीसगढ़ राज्य के 1379 कर्मचारी शामिल हैं। क्षेत्र की हजारों प्रतिभाओं का संयंत्र में नियोजन होने के साथ हजारों मेहनतकशों को नियमित रोजगार मिलने लगा। व्यापार तथा सहायक उद्योगों की नई राह खुल गई। कोरबा में सिल्वर (एल्यूमिनियम) अपनी चमक बिखरने लगा। वर्ष 2001 में हुए निजीकरण के बाद से बालको में सतत, सम्यक और तीव्रगति से प्रगति की एक नयी संस्कृति का प्रादुर्भाव हुआ। निजीकरण के बाद 49 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार तथा 51 प्रतिशत वेदांता समूह के पास है।

वर्तमान में, देश में एल्यूमिनियम की कुल मांग 4.1 मिलियन टन है, जिसमें बालको 14 प्रतिशत एल्यूमिनियम की पूर्ति कर रहा है। अभी भारत की एल्यूमिनियम खपत प्रति व्यक्ति लगभग 3 किलोग्राम है। दूसरी ओर, विश्व की प्रति व्यक्ति औसत एल्यूमिनियम खपत लगभग 12 किलोग्राम है। अनुमान है कि यह मांग 2030 तक बढ़कर लगभग 15 से 20 किलोग्राम प्रति व्यक्ति हो जाएगा। विकाशील देश की श्रेणी में होने की वजह से भारत में इस धातु की खपत विश्व के औसत खपत से ज्यादा होने की प्रबल संभावना है।

देश में बढ़ते एल्यूमिनियम की मांग को देखते हुए बालको की विस्तार परियोजना इसमें बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्ष 2026 तक 01 मिलियन टन के विस्तार



परियोजना के बाद बालको, देश की कुल 20 प्रतिशत एल्यूमिनियम की मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। बालको, अपने उत्पादन का 90 प्रतिशत एल्यूमिनियम घरेलू बाजार में ही विक्रय करता है। बालको सहित वेदांता समूह की एल्यूमिनियम बिजिनेस कुल 2.37 मिलियन टन एल्यूमिनियम उत्पादित कर रहा है। रिसाईकल और सस्टेनेबल गुणों की वजह से एल्यूमिनियम 'भविष्य का धातु' के रूप में देखा जा रहा है।

बालको के निजीकरण और विस्तार परियोजनाओं की शुरूआत से लेकर इसके प्रचालन में आने तक हजारों हाथों को रोजगार मिला है। कोरबा और बालको के व्यवसाय ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। बालको, अभी और प्रगति के नए सोपानों को तय करने के लिए प्रतिबद्ध है। बालको के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में कंपनी की विस्तार परियोजना को साकार रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कंपनी के प्रगति के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर का निर्माण होगा। शीघ्र ही 01 मिलियन क्लब की ऊंचाई को छू लेगा और देश और राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

बालको के लिए समुदायों का सामाजिक-आर्थिक विकास सर्वोपरि है। कंपनी शिक्षा, स्थायी आजीविका, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संपदा, स्वच्छता, खेल, संस्कृति और बुनियादी जरूरतों के विकास में गहन हस्तक्षेप के माध्यम से सालाना लगभग 1.5 लाख लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप रोजगार के अवसर प्रदान करती है। बालको के सामाजिक विकास प्रयास छत्तीसगढ़ के 4 जिलों को कवर करते हुए 123 गांवों तक पहुंचती है। कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर, और इसकी सीएसआर नीतियों और प्रणालियों को जमीन पर स्थायी प्रभाव देने के लिए तैयार और कार्यान्वित किया जाता है, जिससे इन समुदायों को राष्ट्र की प्रगति में एक समान भागीदार बनाया जाता है।

## डॉ. चरणदास महंत ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने बाबा गुरू घासीदास से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की है। डॉ. महंत ने कहा है कि, बाबा गुरू घासीदास जी ने संपूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' के प्रेरक वाक्य के साथ यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य एक समान है। डॉ. महंत ने कहा कि, ये हम सबका सौभाग्य है कि, वे छत्तीसगढ़ की धरा से है और हमारे छत्तीसगढ़ के अनमोल रत्न बाबा गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य पूरी मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। डॉ. महंत ने कहा कि, बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। बाबा गुरु घासीदास के उपदेश आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणादायी हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहा है हवाई सेवाओं का विस्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू हो रही नई उड़ान सेवाओं का उद्देश्य हवाई यात्रा को न केवल किफायती बनाना है बल्कि क्षेत्र में यात्रियों के लिए पसंदीदा विकल्प भी बनाना है। इन उड़ानों के शुरू होने से व्यापारिक यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय समुदायों को बहुत लाभ होगा, समय की बचत होगी और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। इसी कड़ी में रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इन तीनों शहरों को जोड़ने के लिए नई उड़ान सेवा का संचालन 19 दिसंबर, 2024 से शुरू होने जा रहा है। रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को जोड़ने वाली नई उड़ानें सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होंगी। यह नई सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी बल्कि इंटरसिटी यात्राओं को एक आरामदायक और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे पर्यटन, व्यापार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इन शहरों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर यात्री विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरुआती किराया मात्र 999 रूपए रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए www.flybig.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सरकार की अकर्मण्यता से स्थानीय निकायों में संवैधानिक संकट की स्थिति, पंचायतों के लिए आरक्षण कार्य स्थगित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण प्रक्रिया की घोषित समय सारिणी को अचानक स्थगित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार हार के डर से स्थानीय निकायों का चुनाव टालना चाहती है। धान खरीदी में इस सरकार की सांसें फूलने लगी है, टोकन, बारदानो की कमी, तौल में गड़बड़ी, परिवहन और मिलिंग के अभाव में धान खरीदी बाधित होने से पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ़आक्रोश है, जिससे यह सरकार डरी हुई है और हार से बचने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव को अकारण टालना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया जिसे 17 दिसंबर से संपादित किया जाना था, अचानक स्थगित कर दिया है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी साय सरकार अब हार के डर से स्थानीय निकायों के चुनाव को टालना चाहती है। जल जीवन मिशन और स्मार्ट सिटी में अपात्र ठेकेदारों को टेंडर दिए जाने, फर्जी दस्तावेजों से अपने चाहते ठेकेदारों को काम देने और खुले तौर पर भ्रष्टाचार की शिकायत भाजपा के ही विधायक लगा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग की अंधेरगर्दी सर्वविदित है, जहां बिना टेंडर के, बिना स्वीकृति के, बिना वर्क आर्डर के, ज्यादा रेट से काम करवाए गए और बाद में उसी ठेकेदार को टेंडर दे दिया गया। 1 साल के भीतर ही यह सरकार बेहद अलोकप्रिय हो चुकी है, और इसी कारण भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव से भाग रही है।

### वाणिज्य उद्योग मंत्री 18 दिसम्बर को कोरबा में गुरुघासीदास जयंती समारोह में होंगे शामिल

**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 18 दिसम्बर को जिला मुख्यालय कोरबा में आयोजित गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है। प्रातः 11.05 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड रायपुर से मुख्यमंत्री के साथ कोरबा के लिए प्रस्थान कर 11.45 बजे इंदिरा स्टेडियम ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचेंगे। जहां वे 11.50 से 12.55 बजे तक सतनाम भवन में आयोजित बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री देवांगन अपरान्ह 3 बजे कोरबा के बालकों में सतनाम कल्याण समिति द्वारा बस स्टैण्ड रामलीला ग्राउंड सतनाम भवन बालकों में आयोजित गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403